डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार 18 मार्च 2025 वर्ष-31, अंक- 151, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## पुल निर्माण कार्य में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

# खपरमंडा नदी पर घटिया पुल निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, विधायक ने जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** खपरमंडा नदी पर बनाए जा रहे पुल के घटिया निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें पांकी के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। विधायक ने मौके पर पहुंचकर पुल निर्माण की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई।

**पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण का आश्वासन :** विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों और विधायक को आश्वासन दिया कि अब निर्माण कार्य पूरी निगरानी में स्वीकृत इस्टीमेट के अनुसार किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जो भी घटिया निर्माण किया गया है, उसे ध्वस्त कर फिर से गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाएगा।

**ग्रामीणों ने जताया संतोष, लेकिन चेतावनी भी दी :** विभागीय आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने संतोष जताया, लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि निर्माण कार्य में फिर से लापरवाही बरती गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस मामले में गंभीरता दिखानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताएं न हों।

**विधायक ने दिया स्पष्ट संदेश झ्र गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा :** विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्पष्ट कहा कि जनता की मेहनत की कमाई से बनने वाले किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि पुल निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाए और कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**ग्रामीणों की मांग – दोषी ठेकेदार पर हो कार्रवाई :** ग्रामीणों ने इस मामले में संवेदक (ठेकेदार) पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस लापरवाही को नहीं रोका गया तो भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने विभाग से अपील की कि निर्माण कार्य की नियमित जांच हो और इसमें पारदर्शिता बरती जाए।

**सरकार और प्रशासन को जागरूक रहने की जरूरत :** इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ हो गया है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अभी भी बड़ी लापरवाहियां हो रही हैं। यदि समय पर ग्रामीण विरोध नहीं करते और विधायक मौके पर नहीं पहुंचते, तो घटिया निर्माण पर किसी का ध्यान भी नहीं जाता। अब देखना होगा कि विभागीय अधिकारियों का आश्वासन कितना प्रभावी साबित होता है और पुल निर्माण सही तरीके से पूरा होता है या नहीं।

### संवेदक पर भड़के विधायक, अधिकारियों ने स्वीकार की खामियां

विधायक ने पुल निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर संवेदक (ठेकेदार) पर नाराजगी जताई और विभागीय अधिकारियों से इस पर जवाब मांगा। इसके बाद विभाग के जेई, एसडीओ और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों ने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पुल की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## 15वीं रोजा पर इफ्तार का आयोजन



**छतरपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के खाटिन में करबल्लाह रोड के असलम हुसैन के घर पर रमजान के पवित्र महीना के 15 वीं रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कई रोजेदार शामिल हुए व इफ्तार किया। मौके पर आयोजक असलम हुसैन ने कहा कि इस पवित्र महीना में सभी रोजेदार को इफ्तारी कराने से बरकत होती है। रोजा एक साथ होने पर आपसी भाई चारगी का पैगाम भी देता है। इन्होंने कहा कि रोजेदार का इफ्तारी जरूर करना चाहिए। मौके पर असगर हुसैन, सदर खालिद राजा,सक्रेटरी मुस्तकीम अब्बासी,मुबारक हुसैन,नजरुल अंसारी,गुलाम मुस्तफा अंसारी,इमरान अंसारी,आरिफ अंसारी,फिरदौस आलम,मुस्लिम खलीफा,शौकत अब्बासी,समेत काफी संख्या में लोग इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी पूजा महासमिति का पुनर्गठन, दिनेश प्रसाद बने संरक्षक



**हुसैनाबाद।** स्थानीय महावीर जी भवन में रविवार की रात रामनवमी पूजा महासमिति के पुनर्गठन को लेकर आरएसएस के जिला संघ चालक व महासमिति के संयोजक दिनेश प्रसाद कश्यप की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन वर्ष प्रतिपदा उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । साथ ही इसके संचालन के लिए जपला रामनवमी पूजा महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन किया गया। इसमें दिनेश प्रसाद कश्यप को संरक्षक मनोनीत किया गया। सह संरक्षक देवेन्द्रनाथ गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, डॉ. आलोक रंजन कुमार, रामेश्वर राम, संयोजक लोकनाथ केशरी, सह संयोजक सत्येन्द्र चंदेल, दीनानाथ सोनी, राजकुमार कश्यप, सचिन आनन्द, गौतम पटेल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राकेश तिवारी, सचिव गौतम कांस्कार (भोला ), शंभू सौंडिक, सह सचिव संतोष कश्यप, जितेन्द्र कुमार, मनिष कश्यप (गुड्डन ), अनिमेष अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, कोषाध्यक्ष ऋषीकेश कुमार कश्यप, सह कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता व राहुल केशरी, अखाड़ा प्रमुख जितेन्द्र गुप्ता, सह अखाड़ा प्रमुख अनुज ठाकुर को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मुकुन्द अग्रवाल, बबलू गुप्ता, राजू गुप्ता, संतोष गुप्ता, विकाश कुमार, राज गुप्ता, बजरंगी प्रजापति, पंकज कांस्कार आदि का नाम शामिल है।

### जामा व ताहा मस्जिद में हुई तरावीह की नमाज

**सतबरवा।** प्रखंड के जामा व ताहा मस्जिद में 15 वीं में रमजान को खतम ए कुरान (तरावीह) की नमाज मुकम्मल हुई। जामा मस्जिद के इमाम तौफीक आलम मिस्बाही ने बताया कि रमजान में रोजा रखने की बहुत ही फजीलत है। इसलिए रमजान का एक भी रोजा नहीं छुटे। उन्होंने कहा कि तरावीह पढ़ने का बहुत ही सवाब है। तरावी सुन्नते मोअक्कदा है। तरावीह की नमाज महिला व पुरुष दोनों के लिए जरूरी है। जो लोग तरावीह की नमाज अदा करते हैं, उनको पूरा कुरान पढ़ने का सवाब होता है। माह-ए-रमजान व नमाजे तरावीह की अहमियत पर रोशनी डालते हुए मौलाना मिस्बाही ने कहा कि अल्लाह ने रमजान में अपने बंदों के लिए काफी इनामात से नवाजता है। हालांकि बंदा भी ऐसा होना चाहिए जो अल्लाह के हुक्म की फरमाबरदारी करें। यह महीना मोमिनों के लिए अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है। इस दौरान नमाजियों ने इमाम साहब से गले मिलते हुए फूल माला पहनाई। मस्जिद में मौजूद नमाजियों द्वारा देश की अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाजियों के बीच शिरनी तकसीम किया गया। मौके पर अल हुसैन कमेटी द्वारा मस्जिद के इमाम तौफीक आलम मिस्बाही व ताहा मस्जिद में खत्म तरावीह की नमाज अदा कराने वाले हाफिज फैजान रजा को नजराना देकर नवाजा गया। मौके पर जामा मस्जिद के सदर नौशाद आलम, सेक्रेटरी सरफराज आलम,खजांची मोहम्मद अताउल्लाह, बाबू खान, एजाज खलीफा, मो सैफुल्लाह, मोहम्मद अदनान अशरफ, शाहनवाज खान, समीर आलम, मोहम्मद अनीस , मो मुजफ्फर, सकलैन, तैमूर, मो लाडला, सुफियान, तासीफ, ताहा, हसनैन, तमसीर, समेत कई लोग मौजूद थे।

### खाटीन जामा मस्जिद में हुई तरावीह

**छतरपुर।** 15 वीं रोजे के दिन खाटिन जामा मस्जिद में मुकम्मल हुई तरावीह। पड़ाहने वाले कारी मोहम्मद शमशेर रजा ने कहा कि अल्लाह का मुकद्दस किताब कुरान है। इसे हाफिज लोग अपने सीने में बसाए रहते हैं, जो कभी नही भुलते है। इस पवित्र महीने में तरावीह पढ़ी जाती है। अपने नाम का फित्रा निकाला जाता है। जकात निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि इस रोजा के महीने में एक नेक काम करने पर अल्लाह दस नेकी अपने बन्दे को देता है। जामा मस्जिद के इमामा मौलाना आफताफ अंसारी ने कहा कि इस पवित्र महीने को सभी बारह महीनों से बेहतर है। सभी को इस रमजान महीने को ख्याल रखना चाहिए। मौके पर लेयाकत हुसैन असगर हुसैन, सदर खालिद रजा, सीक्रेटरी मुस्तकीम अब्बासी, असलम हुसैन,मुस्लिम खलीफा, गुलाम मुस्तफा, खलील अंसारी, अखबार अबासी, नजरुल अंसारी, आबिद मिया, तबारक हुसैन, सुहैल अंसारी आफताब अबासी लाला अंसारी, सफीक पवरिया, शहदम हुसैन, कलीम अंसारी, नसरु अब्बासी, सेपाली अब्बासी समेत काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड परिसर में सोमवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कृषि प्रौद्योगिक प्रबंधन अभिकरण पलामू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख राजकुमारी देवी, आत्मा परियोजना निदेशक परवीन राज ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में किसान बेहतर कार्य कर रहे। किसानों को बेहतर कृषि करने के लिये प्रशिक्षण देने की जरूरत है। प्रशिक्षण का लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कृषि और किसानों के लिये सरकार कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही हैं, इसका अनुपालन कर किसान आत्मनिर्भर बन सकते है। इसकी अध्यक्षता बीटीएम हरिशंकर यादव ने की,जबकि संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। इस मेला में हुसैनाबाद फीड फार्म्स कम्पनी लिमिटेड, हुसैनाबाद फार्म्स कोऑपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड, प्रशांत लेयर फार्म, भीकेएस एग्रिफार्म प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड समेत अन्य कृषि उत्पादों का प्रदर्शनी क्षेत्रीय किसानों द्वारा लगाई गई थी। इस मौके पर बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, बीटीएम जयगोबिंद यादव, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान व अखिलेश मेहता, पंसस अजित सिंह के अलावे प्रियरंजन सिंह, अशोक मेहता, इबरत अहमद, विपिन सिंह आदि कई किसान मौजूद थे।

## मारपीट व जातिसूचक शब्द के प्रयोग मामले में प्राथमिकी दर्ज

- पूर्व उप प्रमुख के पति समेत छह लोगों को बनाया आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पतरा पंचायत के सामूडीह गांव निवासी शंभू पासवान की पत्नी आशा देवी ने उप प्रमुख के पति गंगा यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट व जातिसूचक शब्द को लेकर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि होली के दिन शाम सात बजे घर पर खाना बना रही थी, इसी क्रम में हमारे गांव के ही गंगा यादव हमारे घर में अबीर गुलाल लगाने के बहाने घर में घुसकर मुझे छेड़छाड़ करने लगे। इनकी हरकत को देखकर जब मैं जोर से चिल्लाई तो आवाज सुनकर मेरे घर के सदस्य को आते हुए देखकर वह भाग गया। थोड़ी देर बाद गंगा यादव के परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर पहुंचे और हम सभी लोगों को गाली गलौज और जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे हमारे भतीजे अनुराग पासवान को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब हम लोग थाना एक निजी वाहन से आने लगे तो जमुना यादव, सीता यादव, बबलू यादव, मंटू यादव, शिवशंकर यादव, नंदकेश्वर यादव ने मिलकर गाड़ी के शीशा को तोड़ दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले को लेकर जमुना यादव ने बताया कि महिला द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

## दातानगर में तरावीह की नमाज पढ़ी गई

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के जपला चौबे दाता नगर के मस्जिद इकरा में अल हमदुलिल्ला नमाज तरावीह का आयोजन किया गया। इस मस्जिद के इमाम हाफिज तौकीर साहब ने तरावी के बाद पूरे हुसैनाबाद वासियों सहित राज्य वासियों और देश वासियों की खुशहाली तरक्की व भाईचारा के लिए दुआ मांगी। मौके पर नजराना के तौर पर तरावी पढ़ने वाले सभी के तरफ से 1,25,786 रुपये दिया गया। अल्हम्दुलिल्लाह जनाब हाफिज तौकीर साहब ने उक्त नजराने का पैसे को पूरे अवाम के बीच में मस्जिद- ए - इकरा में उनके द्वारा दे दिया गया। इस तरह के सराहनीय योगदान के लिए अल्हम्दुलिल्लाह जपला चौबे दाता नगर के सभी लोगों ने हाफिज तौकीर साहब को मुबारकबाद दी। इस मौके पर काफी संख्या में अकीदतमंद व रोजेदार मौजूद थे।

## पिता के नाम पर वारंट, सजा मिली बेटे को, पुलिस ने की बेरहमी से पिटाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम छतरपुर पुलिस अब निर्दोष लोगों पर अपनी ताकत आजमा रही है। ताजा मामला कर्माकला गांव का है, जहां कोर्ट से जारी ठइह (गिरफ्तारी वारंट) के आधार पर पुलिस अजय कुमार को पकड़ने गई थी, लेकिन अजय के न मिलने पर उनके बेटे बलवंत को उठा लिया।

**पुलिस ने दी धमकी, फिर बेरहमी से पीटा :** परिजनों के अनुसार, पुलिस ने बलवंत को जबरन साथ ले जाते हुए कहा कि 'पिता की जगह जेल काटनी होगी, नहीं तो 10 हजार रुपये दो और छूट जाओ।' बलवंत ने कई बार निर्दोष होने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी। उसे थाने ले जाकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अस्पताल में भर्ती, एसडीपीओ से लगाई न्याय की गुहार :** पिटाई से घायल बलवंत को अनुमंडलीय अस्पताल, छतरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद उसने एसडीपीओ छतरपुर को आवेदन देकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**मामले की जांच के आदेश :** एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम को पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच का आदेश दे दिया गया है। जांच रिर्पोट आने के बाद दोषी पाये जाने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। अब देखना होगा कि क्या निर्दोष बलवंत को न्याय मिलेगा या फिर मामला पुलिसिया कार्रवाई के नाम पर दबा दिया जाएगा।

### परिजनों में आक्रोश, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। यह मामला पुलिस की मनमानी और भ्रष्टाचार को उजागर करता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या छतरपुर पुलिस ऐसे ही बेकसूर लोगों पर डंडे बरसाकर कानून का मजाक बनाती रहेगी, या दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कोई सख्त कार्रवाई होगी ?

## आरपीएफ ने महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात पुरूष यात्रियों को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच अभियान चलाकर महिला बोगी में यात्रा करने के आरोप में 7 यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूल किया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि महिला बोगी में पुरुष यात्री बैठ कर अनाधिकृत रूप से यात्रा करते हैं। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। शिकायत के आलोक में आरपीएफ ने सोमवार को जांच अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न ट्रेनों से महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा करते 7 पुरुष यात्री को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत जुर्माना वसूल किया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि महिला व दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से पुरुष रेल यात्री बैठकर सफर करते हैं। जिससे महिला यात्रियों व दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस आलोक में पुलिस ने जांच अभियान चलाकर 7 यात्री को पकड़ कर जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए पुरुष यात्रियों को महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा नहीं करने की अपील की। इस अभियान में एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई उमेश चंद्रा, आरक्षी सुधीर कुल्लू,अनवर हुसैन, छोटेलाल यादव, बिनोद यादव समेत कई अन्य आरक्षी शामिल थे।



### मुख्य पथ में पीसीसी के मिट्टी की साइड फिलिंग नहीं किए जाने से खतरा

**हैदरनगर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सिमरसोत से हाई स्कूल हैदरनगर मोड़ तक बनने वाली पथ छह माह बाद भी अधूरा है। बीच मार्ग में भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से गुजरी इस पथ में हैदरनगर के सदाबह नदी और मरघटिया पथ पुल का निर्माण नहीं कराया गया है और न ही इस पथ में पीसीसी कराए जाने के बाद मुख्य पथ के दोनों बगल मिट्टी की साइड फिलिंग किया जा सका है। इससे इस पथ से गुजरने वाले खासकर दोपहिया सहित चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, उपमुखिया पवन कुमार व सुधीर कुमार सिंह ने जिला प्रशासन से जनहित में संबंधित संवेदक पर कार्रवाई कर इस पथ को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्ववर्ती छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया



**नवीन मेल संवाददाता**


**हरिहरगंज।** प्रखंड के कोठिला ग्राम स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि देव प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव संतोष कुमार राय, प्रधानाध्यापक अद्रेश कुमार यादव,नरेंद्र पांडेय, टेट पास सहायक शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार , राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, राजकुमार पासवान, इंजिनियर संजय यादव, संगीता कुशवाहा, सुरेश सिंह, संतोष गुप्ता, प्रमोद प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने कई स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बाद में रेलवे, आर्मी, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत 17 पूर्ववर्ती छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अपने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र जब सफलता प्राप्त कर किसी पद पर बैठते हैं, तो शिक्षक को सबसे ज्यादा खुशी होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह ने की। संचालन शिक्षक नीरज पाठक ने किया। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक मनीष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, अमितांशु कुमार, सहायक अध्यापक उपेंद्र कुमार यादव, नारायण कुमार, उमेश प्रसाद यादव, अनिल कुमार यादव, कमलेश कुमार यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## नपं पूर्व पार्षद के निधन पर शोक सभा

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड छह के पूर्व पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन पर नगर पंचायत के प्रतिनिधियों ने सोमवार को शहर के रुद्रा होटल में शोक सभा का आयोजन किया। उपस्थित लोगों ने मृतक की आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की। बता दें कि रविवार की सुबह पूर्व पार्षद की तबियत बिगड़ने पर उनके परिजनों ने उन्हें हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उनके बेहतर उपचार के लिए मेदिनीनगर भेजा था। वहां इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से कारण मृत्यु हो गई थी। पूर्व पार्षद हुसैनाबाद वार्ड छह के नहर मोड़ निवासी थे। वह मृदुभाषी और उदार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम, उषा देवी,पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, श्रवण अग्रवाल, पूर्व पार्षद अखिलेश यादव, सुहैल, सुहैल आलम, उमा आदि का नाम शामिल है।

## परेशानी: गरज व बूंदाबांदी से रबी फसलों के नुकसान को लेकर किसान सशंकित

# लू के प्रभाव से पहले ही सूख गए हैं पौधे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम की बेरुखी किसानों के लिए एक बार फिर से मुसीबत बन खड़ी नजर आने लगी है। किसानों का कहना है कि पहले से ही पछुआ हवा और लू के प्रभाव ने रबी फसलों के साधारण पैदावार के आसरे पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि अब वह रविवार सुबह से ही आसमान में बादलों के मंडराने, कई बार गरज और बूंदाबांदी के बाद मौसम की नजाकत को देखते हुए ओलावृष्टि की संभावना को लेकर सशंकित हैं। जैसा कि ऐसे मौसम में अक्सर ऐसी स्थिति देखने को मिलती रही है। ऐसा हुआ तो इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन फसलों में तब कटनी करने के लिए कुछ बचेगा ही नहीं। आम, महुआ और सहजन जैसे फलों के फूल व कोंचा भी भारी प्रभाव पड़ेगा। वैसे ही बादलों के गरजने से भी इनको नुकसान पहुंचता है। ऐसे में भरपूर मात्रा में मंजर, कोंचा और फुलों से लदे इनके पेड़ से इनके अच्छे उत्पादन मिलने की उम्मीद जाती रहेगी। वैसे, भी मौसम पूर्वानुमान में 19 से 22 मार्च तक बारिश का आसार जताया गया है। मेघ गर्जना की भी संभावना जताई गई है। किसान रामजन्म राम, कमलेश मेहता, प्रवेश पासवान, कृष्णा यादव और अन्य का कहना है कि रबी फसलों खासकर, चना, अरहर और गेहूं की अच्छी पैदावार की संभावना पहले से ही काफी कम हो गई थी। वैसे, भी अरहर और चना की फसलें, तो नीलगायों के ग्रास बनते चले गए थे। बीज के लिए इनके दाने मिलने की उम्मीद बची है। वह भी मौसम की बेरुखी से पूरी होती नजर नहीं आती है। ऐसे में इन फसलों की बोवाई में निवेश और मेहनत-मशक्कत की भरपाई पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। इससे उनकी मनोदशा को समझा जा सकता है।

## कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा सोमवार से हुई शुरू

**हुसैनाबाद।** जेईपीसी रांची द्वारा आयोजित कक्षा पहली से सातवीं की वार्षिक परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को हिंदी विषय की और छठी एवं सातवीं कक्षा के बच्चों को पहली पाली में हिंदी एवं दूसरी पाली में विज्ञान की परीक्षा ली गई। मालूम हो कि यह परीक्षा 17 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित की जानी है, और परिणाम इसी महीने की अंतिम सप्ताह में प्रकाशित की जाएगी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा, सहायक अध्यापक मोहम्मद सरवर आलम व रामनाथ राम उपस्थित सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चैत्र में रोहिणी और अश्विनी शून्य नक्षत्र हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** होली के तुरंत बाद से हिन्दू धर्म के हिंदी संवत्सर का प्रथम महीना चैत्र आरंभ हो गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार चित्रा नक्षत्रयुक्त पूर्णिमा होने के साथ इसके आरंभ के कारण इसका नाम चैत्र पड़ा। पंचांग एवं अन्य धार्मिक पुस्तकों में इस मास की विशेषता को लेकर वर्णित तथ्यों के आलोक में ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीम चूल्हा स्थित शिव मंदिर के पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने इस मास के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा है कि चैत्र मास को मधु मास के नाम से जाना जाता है। इस मास में बसंत ऋतु का यौवन पृथ्वी पर देखने को मिलता है। चैत्र में रोहिणी और अश्विनी शून्य नक्षत्र हैं। इनमें कोई शुभ कार्य करने से धन का नाश होता है। जबकि नियम पूर्वक रहकर जो मनुष्य चैत्रमास को एक समय में भोजन करते बिताता है, वह सुवर्ण, मणि और मोतियों से सम्पन्न महान कुल में जन्म लेता है।

### हिंदू नववर्ष का शुभारंभ

उन्होंने कहा कि शिवपुराण में बताया गया है कि चैत्र में गौ का दान करने से कायिक, वाचिक तथा मानसिक पापों का निवारण होता है। देव प्रतिष्ठा के लिए शुभ मास बताया गया है। वैसे, भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष का शुभारंभ भी हो जाता है। हिन्दू नववर्ष के चैत्र मास से ही शुरू होने के पीछे की पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान ब्रह्मदेव ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सृष्टि की रचना शुरू की थी, ताकि सृष्टि निरंतर प्रकाश की ओर बढ़े। नारद पुराण में भी कहा गया है कि चैत्रमास के शुक्ल पक्ष में प्रथम दिन ही सूर्योदय काल में ब्रह्माजी ने संपूर्ण जगत की सृष्टि की थी। इसलिए चैत्र मास खास है कि शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र में विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया और चैत्र पूर्णिमा के दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है। भविष्य पुराण में चैत्र शुक्ल पक्ष से विशेष सरस्वती व्रत का विधान भी वर्णित है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹82000 10 ग्राम
₹104000 01 किलो
सेंसेक्स 74,169.95 +341.05
डॉलर 86.820 -0.121

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 18 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-151, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 आगामी सत्र के लिए टीम बनाने में...

## एक नजर

### हंदवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**हंदवाड़ा (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा के जचलदार इलाके में सोमवार की सुबह से चल रही मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। इस दौरान एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पिता का निधन, पीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देबेंद्र प्रधान का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में धर्मेंद्र प्रधान के सरकारी आवास पर अंतिम सांस ली। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे डॉ देबेंद्र प्रधान एक प्रशंसित राजनेता थे और ओडिशा में उनका बहुत सम्मान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर जाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देबेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दी। वहीं, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. प्रधान के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से फोन पर बात भी की।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

विधानसभा सत्र हंगामेदार होने के आसार

# होली छुट्टी के बाद बजट सत्र आज से

**▸▸ हालिया घटनाओं को लेकर विपक्ष आक्रामक**

**▸▸ सत्ता पक्ष ने भी जवाबी प्रहार को कसी कमर**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र होली के अवकाश के बाद पुनः मंगलवार 18 मार्च से शुरू होने जा रहा है। 12 मार्च से 17 मार्च तक होली का अवकाश था। ज्ञात हो कि बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हुआ था। विधानसभा में बजट 28 फरवरी 2025 को पेश किया गया था। यह सत्र 27 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में 20 कार्य दिवस हैं।

इधर, कुछ घटनाओं को लेकर मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रुख से लगता है कि बजट सत्र की शेष बची कार्यवाही के दौरान पक्ष और विपक्ष में खींचतान देखने को मिल सकती है। वहीं, मंईयां सम्मान योजना और राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना से हेमंत सोरेन सरकार की जनता और सदन दोनों जगह मजबूत स्थिति बनी हुई है।

मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सदन में विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाने की रणनीति बनाई है। इसकी बानगी उस देखने को मिली थी, जब भाजपा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हजारीबाग में हत्या का मामला पूरे जोर से उठाया था। हंगामा के कारण स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने राज्य के डीजीपी पर टिप्पणी भी कर दी थी। लेकिन, पुलिस ने अपनी शक्ति दिखाई और कुख्यात गैंगस्टर अमन साव पलामू में मुठभेड़ में मार गिराया।

इस समय भाजपा के पास दो बड़े मुद्दे हैं। एक मुद्दा है गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस को लेकर हुई हिंसा। दूसरा मुद्दा है मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों का। भाजपा का कहना है कि होली के ठीक पहले जितने लाभार्थियों को लाभ मिला है, उनकी संख्या दिसंबर 2024 से 18 लाख कम है।

दूसरी ओर, इन दोनों मामलों पर सत्ता पक्ष के रुख से साफ है कि सत्ता पक्ष ने भी जवाबी प्रहार करने के लिए कमर कस ली है। सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों संग बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिए थे कि सत्र की कार्यवाही के दौरान उपस्थिति बनाए रखें। सत्र के दौरान सत्ता पक्ष का आरोप रहा है कि विपक्ष बिना मतलब के मुद्दे उठाकर सदन का समय बर्बाद करना चाहती है।



**सत्र में शेष बचे दिनों की कार्यवाही**

| तिथि | कार्यवाही |
|---|---|
| 18 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 19 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 20 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 21 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 22-23 मार्च | अवकाश |
| 24 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक |
| 25 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक |
| 26 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य |
| 27 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प |

पश्चिमी सिंहभूम में जगन्नाथपुर के गितिलिपि गांव में घर में रखे पुआल में लगी आग

## चार बच्चे जिंदा जले, मचा कोहराम



**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के गितिलिपि गांव में सोमवार को दिन में लगभग 11:00 बजे एक घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस हादसे से गांव में कोहराम मच गया। मौके पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी रही। आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है। मृत बच्चों में ग्रामीण अर्जुन चातार का पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस चातार, चंद्रमोहन सिंकू का पांच वर्षीय पुत्र साहिल सिंकू, सुखराम सुंडी का दो वर्षीय पुत्र रोहित सुंडी और एक पांच साल की बच्ची भूमिका सुंडी शामिल हैं। बताया गया कि बच्चे एक घर के कमरे में रखे गए पुआल में खेल रहे थे। इसी दौरान वहां अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। इस आग में बच्चे झुलस गए और उनकी मौत हो गई। घर में उस वक्त कोई भी बड़ा व्यक्ति मौजूद नहीं था। सभी लोग काम करने घर के बाहर गए थे। जानकारी के अनुसार, गांव की एक महिला बिरंग गगराई इस घर के पास पानी लेने गई थी। उसने पुआल में लगी आग में चार बच्चों को फंसा देखा। वह उन्हें निकालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रही। शोर मचाने पर जब तक गांव के लोग जुटे, तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। धुएं का गुबार पूरे गांव में फैल गया था। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर बासुदेव मुंडा, बीडीओ सत्यम कुमार, सीओ मनोज कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी संजय सिंह और पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी करीब एक घंटे बाद पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर के अनुसार, चारों बच्चे नाबालिग थे। अगलगी मामले की गहन जांच की जा रही है।

## अड़की की दो नाबालिग लड़कियां दिल्ली से रेस्क्यू

**▸▸ मानव तस्करी की हुई थीं शिकार**

**▸▸ खूंटी लाने को टीम दिल्ली रवाना**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**खूंटी/नई दिल्ली।** खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का रविवार को दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों लड़कियों को अच्छे काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी वाले उन्हें दाई का काम करने के लिए अन्यत्र भेजने वाले थे। जैसे ही दोनों नाबालिग लड़कियों को इसकी भनक लगी, वे किसी तरह तस्करों के चंगुल से निकल भागीं। एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही नोडल अफसर नचिकेता ने परामर्शी निर्मल खलखो, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह और रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय कुमार पांडे को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी साथ मिलकर पीड़िताओं को रेस्क्यू के अभियान में लग गए। पीड़िताओं के मोबाइल फोन का लाइव लोकेशन दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र में मिलने पर नेबसराय थाना पुलिस के सहयोग से पीड़िताओं को सुरक्षित बचा लिया गया। इधर, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर एक रेस्क्यू टीम पीड़िताओं को दिल्ली से खूंटी लाने और अग्रतर कार्रवाई के लिए खूंटी से दिल्ली रवाना हो गई है। टीम में बाल संरक्षण पदाधिकारी मो. अल्ताफ खान, महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, एएसआई रमजानुल हक, आरक्षी प्रिया कुमारी आदि शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए मोबाइल ऐप लांच

**▸▸ आवेदन करना होगा आसान, सुविधा केंद्र की भी हुई शुरूआत**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित नए संसद भवन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए एक मोबाइल ऐप लांच किया। इस ऐप के जरिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहले सुविधा केंद्र की भी शुरूआत की गई है। यह केंद्र कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बनाया है। यहां से युवाओं को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी और मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख पहले 12 मार्च थी, लेकिन इसे बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दिया गया है। मोबाइल ऐप के लांच होने के बाद युवाओं के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और देश की टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान हो जाएगा। आवेदक प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत पहले दौर में 1.27 लाख युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर मिला था। अब दूसरे दौर में 1.25 लाख से ज्यादा युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया है।

**इंटर्न को मिलेगा 5 हजार रुपये का मासिक वजीफा :** सरकार ने इस योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसमें से 48 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इस योजना के लिए पात्र आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए, उसने कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण की हो। इसके साथ ही उसके पास स्नातक की डिग्री, आईटीआई डिप्लोमा या अन्य तकनीकी योग्यता हो। योजना के तहत इंटर्न को 5 हजार रुपये का मासिक वजीफा, आकस्मिक खर्चों के लिए 6 हजार रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज भी मिलता है।

### आज | कल

तीसरी आंख





## खूंटी के 3 छात्र मिनी ओपन नेशनल आर्चरी में लेंगे भाग

**नवीन मेल डेस्क**

**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी के तीन छात्र सत्यम महतो, रौनक राज और सुधीर सांगा मिनी ओपन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 29 मार्च 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में होगा। बताया गया कि सत्यम महतो 0-10 कंपाउंड, रौनक राज रिकर्व 0-10 बालक और सुधीर सांगा कंपाउंड 0-13 बालक वर्ग में हिस्सा लेंगे। इससे पहले इसी वर्ष जनवरी महीने में जयपुर में आयोजित नेशनल पैरा आर्चरी गेम्स में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्र झोंगो पाहन ने भाग लिया था और रजत पदक जीता था। मिनी ओपन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इन छात्रों की मेहनत और स्कूल का सहयोग अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर को साबित करने का मौका दे रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय उन बच्चों के लिए एक विशेष स्थान है, जिनकी पृष्ठभूमि मुश्किल भरी रही है। यहां के छात्र अनाथ, एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित परिवार और मानव तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चे हैं। यह विद्यालय इन बच्चों को शिक्षा, खेल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है।

शहरों में 43 रु और गांवों में 33 रु रोज खर्च करने वाला गरीब नहीं

## पहले अनाज सड़ जाता था और अब बांट दिया जाता है

**- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ शामिका रवि ने दी जानकारी**

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के गरीबी रेखा के नए पैमाने की प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ शामिका रवि ने घोषणा की है कि हर माह शहरों में 1,410 रुपए और गांवों में 960 रुपए से कम खर्च करने वाला गरीब है। यदि शहरों में कोई व्यक्ति 43 रुपए रोज खर्च करने की स्थिति में है, तो उसको गरीब नहीं माना जाएगा। लेकिन, यदि कोई व्यक्ति इससे एक रुपया भी कम रोज खर्च करता है, तो सरकार उसको गरीब मानेगी। इसी तरह से भारत के गांवों में यदि कोई व्यक्ति 32 रुपए रोज खर्च कर रहा है, तब तो वह गरीब है, लेकिन यदि 33 रुपए खर्च करता है, तो वह गरीबी रेखा से ऊपर उठ गया मान लिया जाएगा। इस पैमाने के आधार पर सरकार का दावा है कि भारत में अब केवल चार प्रतिशत गरीब रह गए हैं और पिछले 12 साल में करीब 30 प्रतिशत लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल दिया गया है। केंद्र सरकार के इस फॉमूर्ले के अनुसार बिहार व उत्तर प्रदेश में कम गरीब हैं, और इन दो राज्यों से ज्यादा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि राज्यों में गरीब हैं। विपक्षी सवाल पूछते हैं कि जब भारत में मात्र 4 प्रतिशत ही लोग गरीब हैं, तो 60 फीसद लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज क्यों दिया जा रहा है, तब भारत सरकार की विद्वान अर्थशास्त्री शामिका रवि ने कहा कि पहले अनाज सड़ जाता है और अब बांट दिया जाता है।



### हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अड़की।** थाना क्षेत्र में 13 मार्च को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी लक्ष्मण पूर्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना ग्राम रागोनोए में हुई थी। लक्ष्मण एंगा पूर्ति के साथ सिनु एंगा पूर्ति की आपसी विवाद था। इस कारण लक्ष्मण ने सिनु की हॉकी स्टीक से मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी ने नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू की। रविवार को ग्रामीणों ने ही आरोपी लक्ष्मण एंगा पूर्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त हॉकी स्टीक को भी जब्त कर लिया। मामले में अड़की थाना कांड सं0-21/25 दिनांक-16.01.25 धारा-103 (1) बीएनएस दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इंडिया

## विदेशी पक्षी दे रहे हैं प्रयागराज के संगम की स्वच्छता का संकेत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विश्व के सबसे बड़े ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के समापन के 15 -20 दिन बाद भी संगम तट पर विदेशी पक्षियों की भारी संख्या में उपस्थिति ने वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सामान्यतः फरवरी के अंत तक विदा हो जाने वाले ये विदेशी मेहमान इस बार अभी तक संगम में डेरा डाले हुए हैं। पक्षी वैज्ञानिकों और जीव वैज्ञानिकों का मानना है कि यह संगम के जल और वायु की शुद्धता का प्रमाण है। हर साल दिसंबर के अंत में रूस, साइबेरिया और पोलैंड जैसे ठंडे देशों से हजारों की संख्या में विदेशी पक्षी संगम क्षेत्र में आते हैं जिनका ठहराव फरवरी के अंत तक रहता है लेकिन इस बार आधे मार्च तक भी इनका यहां बने रहना वैज्ञानिकों के लिए सुखद आश्चर्य की बात है। पक्षी वैज्ञानिक प्रो संदीप मल्होत्रा का कहना है कि लारस रीडिबंडस प्रजाति के ये विदेशी परिंदे प्रदूषण मुक्त जल और स्वच्छ हवा के सूचक माने जाते हैं। ये पक्षी प्राकृतिक रूप से तभी रुकते हैं जब जल में मौजूद जलीय जीव सुरक्षित हों और पर्यावरण अनुकूल हो। इनकी देर तक मौजूदगी इस बात का संकेत देती है कि महाकुंभ के दौरान गंगा के जल को स्वच्छ रखने के लिए किए गए प्रयास सफल रहे। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि संगम क्षेत्र का जल और वायु पहले की तुलना में काफी शुद्ध हुआ है। दूसरी ओर गंगा में डॉल्फिन की बढ़ती संख्या भी जल की स्वच्छता का प्रमाण है। गंगा नदी में पाई जाने वाली गांगेय प्रजाति की डॉल्फिन भी गंगा जल की स्वच्छता का अहम संकेतक मानी जाती है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा विश्व वन्य जीव दिवस 3 मार्च 2025 को जारी रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 6,324 हो गई है, जो 2021 में लगभग 3,275 थी। विशेष रूप से फतेहपुर प्रयागराज से लेकर पटना के बीच गंगा के प्रवाह में डॉल्फिन की संख्या बढ़ी है। यह दशार्ता है कि गंगा नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। महाकुंभ 2025 के दौरान गंगा की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने विशेष अभियान चलाए। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा जल में गंदे नालों के गिरने पर कड़ाई से रोक लगाई गई। जानकारों का कहना है कि कुंभ और बाद में सफाई के सरकार के इन प्रयासों का असर अब दिख रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में गंगा का जल और भी अधिक स्वच्छ हो जाएगा।



पर्यावरणविदों और पक्षी वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर संगम क्षेत्र में जल और वायु की शुद्धता बनी रहती है तो यह पूरी जैव विविधता के लिए शुभ संकेत होगा। विदेशी पक्षियों की संख्या और गंगा में बढ़ती डॉल्फिन आबादी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि प्रयागराज का पर्यावरण पहले की तुलना में काफी बेहतर हो गया है। वैसे वैज्ञानिकों का सुझाव है कि सरकार को जल स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों को जारी रखना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ के बाद भी गंगा नदी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, अपशिष्ट निस्तारण और प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को कड़ाई से लागू करना जरूरी है। तभी यह स्थिति लंबे समय तक बनी रह सकती है। पक्षी वैज्ञानिक और पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि संगम क्षेत्र में विदेशी पक्षियों की मौजूदगी और गांगेय प्रजाति के डॉल्फिन की संख्या में बढ़ोतरी यह साबित करता है कि गंगा पहले से कहीं अधिक स्वच्छ हो चुकी है जो न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि पर्यटन और धार्मिक आस्था के लिहाज से भी एक सकारात्मक संकेत है। झारखंड के साहेबगंज स्थित गंगा नदी और अन्य स्थानों में प्रशासन जहां गंगा नदी जीवन रेखा की तरह लाखों लोगों के रोजी रोजगार का आधार बनी हुई है स्वच्छता के लिए अपनाए गए प्रयासों का अध्ययन कर उसे अपने क्षेत्रों में लागू कर सकती हैं। विशेषज्ञों का यह कहना है कि गंगा या किसी भी नदी को मां मानने के पीछे के वैज्ञानिक कारण को समझना और समझाना आज भी इसीलिए प्रासंगिक है ताकि इसे प्रदूषित करने से पहले लोग एक बार इस पर विचार करें।

## शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज आज रांची में

**- 20 को होगा नागरिक अभिनंदन**

**रांची।** द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होगा। शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। समिति के मुख्य संयोजक समाजसेवी विनय सरावगी ने बताया कि स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची में पहली बार आगमन हो रहा है। स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारका शारदा पीठाधीश्वर के शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य जी के रांची आगमन की पूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शंकराचार्य जी 18 मार्च को राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे रांची पहुंचेंगे। बिरसा चौक में शंकराचार्य जी का अभिनंदन एवं स्वागत होगा। वहीं मोटरसाइकिल के काफिलों के साथ अरगोड़ा चौक, हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पधारेंगे। जहां उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। शंकराचार्य जी महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे व श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देंगे। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 19 मार्च को भी कई जगहों का भ्रमण करेंगे। 20 मार्च को अपराह्न- 3 बजे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात शंकराचार्य जी धर्म सभा एवं प्रवचन करेंगे एवं धर्म प्रेमियों को आशीर्वाद देंगे। शंकराचार्य जी के स्वागत में रांची नगर में कई स्थानों में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा बैनर पोस्टर, तोरण द्वार एवं होर्डिंग लगाई जा रही है।

# कस्टमर रिलेशन मैनेजर ने महिलाओं से लिया 61,200 रुपये, फरार

**ईएमआई जमा करने के नाम पर पांच महिलाओं से की ठगी, शहर थाना में मामला दर्ज**




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यूनिटी शेयर्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कस्टमर रिलेशन मैनेजर अर्जुन राम पर पांच महिलाओं से 61,200 रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगा है। कंपनी लोगों को लोन देने का काम करती है, लेकिन आरोपी अर्जुन राम ने ईएमआई के पैसे लेकर बैंक में जमा नहीं किया और भाग गया।

### पांच महिलाओं से ठगी का आरोप

शहर थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार, अर्जुन राम ने पांच अलग-अलग महिलाओं से ईएमआई के नाम पर पैसे लिए और फरार हो गया।

**कलावती देवी :** 48,000 रुपये
**सीमा देवी :** 2,770 रुपये
**समीदा बीबी :** 3,380 रुपये
**मुन्ना देवी :** 3,330 रुपये
**संजू देवी :** 3,780 रुपये

### फरार होने के बाद खुला मामला

जब महिलाओं द्वारा दिए गए पैसे बैंक में जमा नहीं हुए, तो कंपनी के दूसरे एजेंट ने उनसे संपर्क किया। इसके बाद इस ठगी का खुलासा हुआ। महिलाओं ने अर्जुन राम से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह गायब हो गया।

### पुलिस जांच में जुटी

आरोपी गढ़वा जिले के कांडी का रहने वाला है। फिलहाल, शहर थाना में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और संलिप्त पाए जाने पर आरोपी पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# होली पार्टी में विवाद के बाद चली गोली, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के निमिया में होली की पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति धीरेन्द्र कुमार सिंह को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### आपसी रंजिश में चली गोली

रविवार देर रात निमिया में होली पार्टी के दौरान धीरेन्द्र कुमार सिंह और विजय कुमार सिंह के बीच विवाद हो गया। बहस के बाद विजय कुमार सिंह अपने घर गया, हथियार लाया और धीरेन्द्र कुमार सिंह के घर में घुसकर गोली चला दी। गोली धीरेन्द्र कुमार सिंह की पीठ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



घटना की सूचना मिलते ही पाटन थाना प्रभारी लालजी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विजय कुमार सिंह और रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फायरिंग में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के बीच पहले से रंजिश थी, जो होली पार्टी के दौरान हिंसक झगड़े में बदल गई।

### जेएमएम नेता भी शामिल, आरोपियों को भेजा गया जेल

गिरफ्तार आरोपियों में से एक झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का नेता बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए एमएमसीएच भेजा, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

फिलहाल पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है और इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। होली के जश्न में हुई यह हिंसक घटना इलाके में सनसनी का कारण बन गई है।

## प्रैक्टिकल परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर हमला सिर में गंभीर चोट

**मेदिनीनगर।** पलामू के तरहसी हाई स्कूल के छात्र शुभम कुमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर लाठी-डंडे से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, शुभम प्रैक्टिकल परीक्षा देकर घर लौट रहा था, घटना के बाद परिजन उसे एमएमसीएच ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है, शुभम के सिर में गंभीर चोट आई है, घटना की सूचना मिलते ही तरहसी थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, थाना प्रभारी ने कहा कि दोषियों की पहचान कर जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### डालटनगंज में ऑर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लीनिक का उद्घाटन 22 मार्च को

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्थित लाल मेडिकल हॉल में 22 मार्च 2025 को सुबह 10:00 बजे ऑर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लिनिक का शुभारंभ होगा। इस क्लिनिक में रांची के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश यादव (एमबीबीएस, एमडी, डीएम - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) मरीजों को परामर्श देंगे। यहाँ पेट और लीवर से जुड़ी समस्याओं जैसे गैस, अपच, एसिडिटी, फैटी लिवर, पित्त की पथरी, हेपेटाइटिस बी व सी, लिवर सिरोसिस, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों की सूजन (आईबीडी), आईबीएस और खाद्य एलर्जी के इलाज के लिए परामर्श लिया जा सकता है। परामर्श शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए श्री आकाश वर्मा (9304284818) से संपर्क किया जा सकता है। डॉ. अखिलेश यादव से हर महीने के अंतिम शनिवार को लाल मेडिकल हॉल (सेवा सदन के विपरीत, डालटनगंज) में परामर्श लिया जा सकता है।

### सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा शुरू, 19 मार्च तक चलेगी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सरकारी और सहायता प्राप्त गैर-सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई, पहले दिन कक्षा 5 में हिंदी और कक्षा 6-7 में विज्ञान विषय की परीक्षा हुई, परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी, जिले में कुल 2,53,867 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, कक्षा 1 व 2 की परीक्षा मौखिक जबकि कक्षा 3 से 7 तक की परीक्षा लिखित हो रही है, कक्षा 5 से 7 तक विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 50-50 अंकों की होगी, जबकि 10-10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं, शिक्षा विभाग के अनुसार 25 मार्च तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर नतीजे जारी किए जाएंगे, 29 मार्च तक परिणाम ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, सरकार की योजना है कि परीक्षा पूरी होते ही अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाए।

# देवरानी संगीत महाविद्यालय के छात्र पंकज का बिहार में संगीत शिक्षक पद पर चयन

**उच्च माध्यमिक विद्यालय में मिला पद, संस्थान और जिले का नाम रोशन**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेडमा, रांची रोड स्थित देवरानी संगीत महाविद्यालय के छात्र पंकज कुमार ने बिहार सरकार द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक विद्यालय (10+2) के संगीत शिक्षक पद पर चयनित होकर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा और संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### स्व. पंडित राजाराम मिश्र के सपनों की उड़ान

संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि यदि स्वर्गीय पंडित राजाराम मिश्र आज जीवित होते, तो यह गौरव का क्षण उनके लिए सबसे अनमोल होता। उन्होंने अपने अथक परिश्रम से देवरानी संगीत महाविद्यालय की स्थापना कर संगीत शिक्षा को एक नई ऊंचाई दी। पिछले 32 वर्षों में हजारों विद्यार्थी यहां से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में संगीत शिक्षक व प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।



### परीक्षा प्रक्रिया और सफलता की राह

बिहार सरकार द्वारा 22 जुलाई 2024 को आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (इढरउ ळफए-03) में पंकज कुमार ने सफलता प्राप्त की। 26 दिसंबर 2024 को परीक्षा परिणाम जारी हुआ और 4 फरवरी 2025 को प्रमाण पत्र सत्यापन के बाद पंकज को 9 मार्च 2025 को बिहार सरकार द्वारा गया जिले में उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

### गुरुजनों और माता-पिता को दिया श्रेय

अपनी सफलता पर पंकज कुमार ने कहा कि यह सब उनके गुरु, स्व. पंडित राजाराम मिश्र और माता-पिता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि देवरानी संगीत महाविद्यालय ने उन्हें संगीत की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दी, जिससे वे यह मुकाम हासिल कर सके।

### संगीत शिक्षा में देवरानी संगीत महाविद्यालय की अहम भूमिका

देवरानी संगीत महाविद्यालय, प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से मान्यता प्राप्त पलामू जिले का एकमात्र संगीत महाविद्यालय है, जहां से छात्र गायन, वादन और नृत्य विधा में डिप्लोमा व डिग्री हासिल कर सकते हैं। इस उपलब्धि के अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने सभी वर्तमान विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान लगातार उच्च गुणवत्ता वाली संगीत शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## विद्यालय परिसर से सबमर्सिबल पंप की चोरी

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरहु स्थित राज संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से चापानल खोलकर सबमर्सिबल पंप की चोरों ने कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मोहन प्रसाद आर्य ने शीला ओपी में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज करने की बात कही है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि होली के बाद जब विद्यालय खुला तो विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में पाया कि विद्यालय परिसर के पीछे स्थित चापनल से चोरों ने सबमर्सिबल पंप को चोरी कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी विद्यालय परिसर से चोरों द्वारा चोरी की गई है। शीला ओपी प्रभारी राहुल दुबे ने कहा कि मामला दर्ज कर कांड के उद्भेदन के लिए कर्रवाई की जा रही है।

# कचरवा डैम का सुंदरीकरण कार्य शुरू, बनेगा आकर्षक पर्यटन स्थल

**9.75 करोड़ की लागत से होगा जीर्णोद्धार, पार्क और नौका विहार की सुविधा मिलेगी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कचरवा डैम का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कार्य शुरू हो गया है, इसे अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत 9.75 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है, इंडियन इलेक्ट्रिकल सर्विस लिमिटेड कंपनी इस परियोजना को पूरा करेगी, योजना के तहत डैम के आसपास पार्क, पैदल पथ, बिजली और पानी की सुविधा विकसित की जाएगी, इसके पूरा होने के बाद यह क्षेत्र शहरवासियों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन जाएगा। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में पलामू सांसद बीडी राम ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था, लेकिन भारी बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका था, अब पानी निकालने के बाद काम तेज कर दिया गया है, नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता कार्तिक कुमार ने बताया कि इस डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को एक नया पिकनिक स्पॉट मिलेगा।



### डैम का पानी निकालने की नौबत आई, जल संकट की आशंका

पिछले साल हुई भारी बारिश के कारण डैम पूरी तरह लबालब था, जिससे काम शुरू नहीं हो सका, अब फाटक खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे कुछ लोगों को जल संकट की आशंका है, क्योंकि इसी डैम से मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को जलापूर्ति की जाती है, हालांकि, अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि मलय डैम से कचरवा डैम को जोड़ा जाएगा, जिससे जलस्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी, परियोजना को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# झामुमो की सरकार में हर वर्ग को मिल रहा है सम्मान : बैद्यनाथ राम

**चंदवा।** झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को मिशन स्कूल के समीप स्थित प्रहलाद बैंकेट हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष बैधनाथ राम,झामुमो जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव,पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा,पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे मुख्य रूप से मौजूद थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव कर रहे थे। सम्मेलन में पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि आज झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार हर वर्ग को सम्मान देने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार का एक ही उद्देश्य है। बिना भेदभाव के सभी वर्ग समुदाय का सर्वांगीण विकास हो हमारी सरकार ने महिलाओं को मार्च माह में 7500 रुपये की सम्मान राशि देकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। सरकार की ओर से मंईयां सम्मान राशि मिलने से परिवार में उनका कद भी बढ़ा है। उन्होंने सभी नव चयनित पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांव से लेकर जिला व प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करना है। झामुमो की नीति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर दूसरे दल के लोग भी झामुमो का दामन थाम रहे हैं। जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि किसी भी संगठन में कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हमारे लिए कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ही सर्वोपरि है। मौके पर पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर चंदवा प्रखंड के सभी पंचायत में कमेटी का गठन किया जा चुका है। इसके बाद प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है। 14-15 अप्रैल को केंद्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व ही हमें सभी प्रखंड में कमेटी का गठन कर सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपना है। सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष, सचिव,उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव के उम्मीदवार पर सर्व सहमति नहीं बनने के कारण सूची को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर इश्तियाक खान उर्फ पप्पन खान,शितमोहन मुंडा,मोहन गंझू हरि कुमार भगत,सुरेश गंझू,मनोज कुमार चौधरी,मो इजहार,मो. सरफराज,रंजीत कुमार,सुमन सुनील सोरेन,धन्नू खान,नौशाद अंसारी,धीरज जायसवाल,जतरु मुंडा,ब्रह्मदेव प्रजापति,रोबिन उरांव,मो. खुर्शीद,अंकित तिवारी समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भीषण पेयजल संकट की ओर बढ़ रहा मेदिनीनगर, निगम की उदासीनता पर समाजसेवी ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में गहराते पेयजल संकट को लेकर समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता आशीष भारद्वाज ने नगर निगम को आगाह किया है। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त से मुलाकात कर शहर में इस साल पड़ने वाली भीषण जल संकट की स्थिति पर चिंता जताई और युद्ध स्तर पर समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। भारद्वाज ने लिखित ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कोयल नदी पूरी तरह से सूख चुकी है और आने वाले दिनों में शहर के अधिकतर जल स्रोत समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने नगर निगम पर सवाल उठाते हुए कहा कि निमिया, बाजराहा, सिंगरा, चियांकी, पोखराहा, सेमरटाड़ जैसे नए जोड़े गए क्षेत्रों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इन इलाकों में नाली, सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं।



**समाधान नहीं मिला तो आर-पार की लड़ाई होगी :** भारद्वाज ने नगर निगम के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि नगर निगम इन इलाकों को सुविधाएं देने में असमर्थ है, तो इन्हें निगम क्षेत्र से मुक्त करने का अनुरोध राज्य सरकार से किया जाए। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो वे आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

**पानी यात्रा से लेकर केंद्र सरकार तक ज्ञापन :** उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष 47-48 डिग्री की भीषण गर्मी में 'पानी यात्रा' के माध्यम से उन्होंने घर-घर जाकर इस संकट को समझा और नगर आयुक्त को समाधान सुझाया था। उनका कहना है कि कोयल नदी पर तटबंध बनाकर बैराज के माध्यम से पानी रोकने और सेकेंड फेज पाइपलाइन को जल्द शुरू करने की जरूरत है। भारद्वाज ने जल संकट की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से दखल देने की अपील की।

### नगर निगम को दिया सुझाव

- **जल संकट प्रभावित मोहल्लों की पहचान कर टैंकरों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जाए।**
- **जल वितरण के लिए पर्याप्त प्वाइंट बनाए जाएं।**
- **निमिया जलापूर्ति योजना को जल्द पूरा किया जाए।**
- **शहर में विभिन्न स्थानों पर जल मीनार और नए पंप हाउस का निर्माण किया जाए।**
- **पानसोखा और रेनवाटर हार्वेस्टिंग योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।**
- **भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार और नगर निगम की लापरवाही के कारण हर साल मेदिनीनगर के लोग पेयजल संकट झेलने को मजबूर हैं। यदि कोयल नदी पर बांध बनाकर जल आपूर्ति को सही तरीके से चैनलाइज किया जाए, तो यह समस्या स्थायी रूप से हल हो सकती है।**
- **इस दौरान युवा समाजसेवी दिलीप गिरी, प्रभात सिंह, सूरज सिंह, सुजीत गुप्ता, रिशु दुबे सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**
- **अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर निगम इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कितनी तत्परता दिखाता है, या फिर हर साल की तरह जनता को सिर्फ आश्वासनों के सहारे छोड़ दिया जाएगा।**

## स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया धीमी, अब तक सिर्फ 10 प्रतिशत उपभोक्ताओं को मिला लाभ


# भ्रम और जागरूकता की कमी बनी बाधा, बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग सक्रिय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिजली चोरी रोकने और बिलिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना चलाई जा रही है। यह योजना पिछले कई महीनों से जारी है, लेकिन अब तक सिर्फ 10% उपभोक्ताओं को ही इसका लाभ मिल पाया है।

**शहर में 60 हजार उपभोक्ता, मात्र 6 हजार मीटर लगे :** मेदिनीनगर में करीब 60 हजार बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन धारक शामिल हैं। अब तक मात्र 6,000 उपभोक्ताओं के घर ही स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। विभाग का मानना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद रीडिंग की परेशानी खत्म हो जाएगी और उपभोक्ता मोबाइल की तरह बिजली का भी रिचार्ज कर सकेंगे।

**उपभोक्ताओं के बीच भ्रम, जागरूकता की जरूरत :** हालांकि, कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने से कतरा रहे हैं, जिससे इस योजना की गति धीमी हो गई है। बिजली विभाग भी इस तथ्य से इनकार नहीं करता। कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है, उपभोक्ताओं को यह मीटर निशुल्क दिए जा रहे हैं और साथ ही सर्विस तार भी मुफ्त में दी जा रही है।




**फिलहाल पोस्टपेड मोड में, बाद में होंगे प्रीपेड :** वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड में काम कर रहे हैं। ये ऑनलाइन बिलिंग सिस्टम से जुड़े होंगे, जिससे उपभोक्ता को बिल की धनराशि, रीडिंग और डिस्कनेक्शन की तारीख मीटर पर ही दिखेगी। शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होने के बाद सभी मीटरों को एक साथ प्रीपेड मोड में बदला जाएगा।

**बिजली विभाग की अपील :** कार्यपालक अभियंता ने सभी शहरी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे पुराने मीटर की जगह स्मार्ट मीटर का उपयोग करें। इससे उपभोक्ताओं को बिलिंग में पारदर्शिता मिलेगी और बिजली विभाग को भी सही तरीके से राजस्व की प्राप्ति होगी।

### झुके हुए पोल और लटके तारों की करें मरम्मत : कार्यपालक अभियंता

**बिजली विभाग की बैठक में गर्मी के मौसम से पहले सुरक्षा पर जोर**

पलामू जिले के डाल्टनगंज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने शहरी क्षेत्र के बिजली विभाग के कर्मचारियों, लाइनमैन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी :** उन्होंने टेढ़े और झुके हुए पोल, लटके तारों और असेंबली बॉक्स की मरम्मत जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि शहर में कई जगहों पर लटके हुए तार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, जिन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेने और त्वरित समाधान करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर आते हैं, तो उस पर अमल कर संबंधित पदाधिकारी को सूचित किया जाए।



**स्मार्ट मीटर लगवाने की अपील :** कार्यपालक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं को अपने घर के अंदर की बजाय बाहर स्मार्ट मीटर लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि घर के अंदर मीटर लगाने से कई समस्याएं होती हैं और बिजली टेंपरिंग के मामले भी बढ़ते हैं।

**गलत तरीके से बिजली उपयोग करने वालों पर कार्रवाई होगी :** उन्होंने उपभोक्ताओं को आगाह किया कि वे स्मार्ट मीटर का उपयोग करें और बिजली की चोरी से बचें। यदि कोई जानबूझकर स्मार्ट मीटर नहीं लगवा रहा है या गलत तरीके से बिजली उपयोग कर रहा है, तो उसके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर को सुरक्षित और सुविधाजनक मानते हुए इसे अपनाने की अपील की है, ताकि बिजली की बचत हो और बिलिंग प्रक्रिया पारदर्शी बने।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



नवीन मेल संवददाता

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के केदलीकला पंचायत अंतर्गत गढ़केदली गांव स्थित पानी टंकी के सामने कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल 551 कलशधारी श्रद्धालु केदली बाजार होते निलाजन नदी पहुंचे। वहां यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 श्री पुरूषोत्तम आचार्य जी महाराज द्वारा विधिवत कलश में जल भराया गया। उसके बाद हंटरगंज बाजार होते हुए पुनः कलशधारी यज्ञ स्थल पहुंच कर कलश को स्थापित किया। यज्ञ का आयोजन पैक्स अध्यक्ष गिरजानंदन सिंह के द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ 16 से 22 मार्च तक चलेगा। जिसमें अयोध्या, वृंदावन, बनारस, कांशी के अलावा अन्य जगहों से प्रवचनकर्ता शामिल होंगे। जिनके द्वारा प्रत्येक दिन सुबह छह से रात्रि 11 बजे तक पाठ पारायण किया जायेगा। यज्ञ को सफल बनाने में रिसव कुमार समेत कई लगे हुए हैं। इस अवसर पर ओ ने भाग लिया. कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जर्नादन पासवान भाजपा मंडल अध्यक्ष अरूण चौरसिया, रौशन सिंह, ललन सिंह, नीतिश कुमार, गुंजीत कुमार, अखिलेश सिंह, पारस सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ से मृतक का शव गांव पहुंचा

**डंडई।** सजीवन राम के 24 वर्षीय पुत्र सुप्रीम कुमार का शव सोमवार कि सुबह डंडई गांव पहुंचा। वहीं शव को पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उकस अंतिम संस्कार उरीया नदी के तट पर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता सजीवन राम, चाचा अजय राम, मुकेश राम सभी लोग छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में रहकर ट्रेलर चलाते थे। सजीवन अपनी गाड़ी का जिम्मा मृतक पुत्र को दे कर बीते 20 दिन पूर्व अपने घर डंडई लौट गया। उसके बाद 12 से 15 दिन भी मृतक को अपने पिता को वाहन चलाते नहीं हुआ कि बीच में ही उसकी जान चली गई। रायगढ़ के स्थानीय पुलिस द्वारा जंगल में कोयला से ढके उक्त मृतक युवक की शव को बरामद किया गया।

### कलश यात्रा के साथ कल से शुरू होगी महायज्ञ

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित तेजवा पहाड़ पर आयोजित पांच कुंडीय नौ दिवसीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महायज्ञ की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्री विष्णु महायज्ञ की शुरूआत होगी। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि पांच कुंडीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी। उन्होंने बताया कि सगमा के रमणीक स्थल तेजवा पहाड़ पर चक्र माधव गदा माधव मंदिर प्रयाग राज के महंत श्री अवधेश दास के नेतृत्व में श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ आयोजित है। उक्त नौ दिवसीय महायज्ञ में प्रयाग राज हरिद्वार काशी के विद्वानों के द्वारा राम कथा होगा। साथ ही रात में श्री वृंदावनधाम की नाट्यमंडली द्वारा श्री कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। उस दौरान श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ, श्रीमद भागवत गीता पारायण, श्री विष्णु सहस्त्र नाम पाठ, श्री दुर्गा पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को कलश यात्रा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अखंड कीर्तन शुरू किया जाएगा। 20 मार्च को अग्नि मंथन होगा। 27 मार्च गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को दो बजे दिन से शाम पांच बजे तक प्रयागराज हरिद्वार काशी से पधारे विद्वानों द्वारा राम कथा होगा। रात आठ बजे से 12 बजे तक वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रास लीला का मंचन किया जाएगा।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के कई गणमान्य लोग और स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बेहतरीन पूजा है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने हमें जो ताकत दी है, उसका इस्तेमाल अच्छे कर्मों में करना चाहिए, ताकि समाज की भलाई हो सके। उन्होंने इस अवसर पर सभी से आग्रह किया कि वह एक-दूसरे की मदद करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस कार्यक्रम का आयोजन रमजान के महीने में किया गया था, जिसमें इफ्तार का सेवन करने से पहले सभी ने मिलकर एक-दूसरे से गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। आयोजकों ने इस आयोजन को एकता और सामूहिकता का प्रतीक बताया। इफ्तार पार्टी में उपस्थित लोगों ने समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया और इस तरह केआयोजनों को और बढ़ावा देने की बात कही। मौके पर शकील अहमद, अफजल अंसारी, इरशाद खान, जमील अहमद,डॉ सफदर अली, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रचार वाहन को रवाना

## धूमधाम से मनाया जायेगा श्री बंशीधर महोत्सव, सभी तैयारियां पूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय परिसर से श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री बंशीधर महोत्सव 2025 का आयोजन श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईं बाग मैदान में 19 व 20 मार्च को किया जाना है। दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन में अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए मीडिया, सोशल साइट्स, अन्य माध्यमों समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार वाहन से भी वृहद प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। महोत्सव के आयोजन से संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दो दिवसीय उक्त राजकीय महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मनमोहक गायन व नृत्य की प्रस्तुति राज्य व देश के विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देकर कला का प्रदर्शन करेंगे। श्री बंशीधर महोत्सव में 19 मार्च को आर्यन महाकाल (राधे कृष्णा एंट्री), बिपिन मिश्रा एंड ग्रुप (शंख नध), न्यू झारखंड कला संगीत सूजन केंद्र (नागपुरी नृत्य), नटराज कला केंद्र (छऊ नत्य), आर्यन महाकाल ग्रुप (कृष्णा लीला), अनुपमा यादव (भोजपुरी सिंगर), पूजा चटर्जी (इंडियन आइडल सीजन 3 फाइनलिस्ट) व सलमान अली (इंडियन आइडल सीजन 10वीं विजेता) अपनी प्रस्तुति देंगे। 20 मार्च को गंगा आरती 15 लोग (गंगा आरती वाराणसी), शशांक शेखर (इंडियन सेमि क्लासिकल सिंगर), मानभूम संस्कृति समिति (पाइका नृत्य), राजीव निगम (कॉमेडियन), जॉली मुखर्जी (बॉलीवुड सिंगर), रजत आनंद व हेमंत बृजवासी (विजेता सा रे गा मा पा) की प्रस्तुति होगी। उक्त कार्यक्रम में हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए जिले व राज्य के लोगों से अपील की है। प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने के दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल प्रेमलाल सिंह, डीपीएम जेसलपीएस विमलेश शुक्ला समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

### सीपीआई के अंचल सचिव बने भानू

**मझिआंव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी का गठन पार्टी के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला के देखरेख में सोमवार को हुआ। नवगठित कमेटी में सर्वसम्मति से पार्टी का मझिआंव अंचल सचिव भानू प्रताप पासवान को बनाया गया। उप सचिव बसंत चंद्रवंशी को बनाया गया। इसके अलावा राहुल बैठा, नागेंद्र यादव, उमेश बैठा, शहनवाज खान उर्फ पप्पू खान, देवराज चौधरी, नागेंद्र चौधरी, राजेश यादव, प्रकाश पासवान को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से पार्टी संगठन को मजबूत करने के अलावा गरीब, मजदूर व किसानों की समस्या को लेकर काम करने का निर्देश दिया। कहा कि अगले 24 मार्च को जनता मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। मौके पर पार्टी के जिला सदस्य श्रीराम, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव, विद्या पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ड्राइवर एसोसिएशन ने जागरूकता अभियान शुरू किया

**भवनाथपुर।** ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन के तत्वावधान में भवनाथपुर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष इरफान खान सहित चतरा,पलामू, गढ़वा जिले के सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भवनाथपुर ब्लॉक के समीप एसोसिएशन का प्रखंड स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व प्रखंड स्तरीय कार्यालय से लेकर कर्पूरी चौक तक ड्राइवरों ने जागरूकता रैली निकाली। मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ड्राइवरों को एसोशिएशन के बैनर तले जोड़कर, उन्हें उनके हक और अधिकार के प्रति सजग करते हुए सरकारी गाइडलाइन के तहत ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कर वाहन चलाने के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इससे उनकी सुरक्षा के अलावा समाज में इज्जत बरकरार रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी हादसे में गंभीर रूप से घायल सदस्यों को संघ द्वारा इलाज का खर्च के तौर पर सहायता करने का काम करती है, वहीं हादसे में किसी की मौत हो जाने पर परिजन को 50 हजार रुपये का आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि संघ के बैनर तले झारखंड प्रदेश के काफी संख्या में ड्राइवर लोग शामिल हो रहें हैं। उन्होंने अपने हक और अधिकार के लिये संघ से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम को चतरा जिला के शहनवाज खान,पलामू से विकास कुमार राम,रियाजुद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, अनिल कुमार सिंह,गढ़वा से शहवान अंसारी,मंगल चौधरी, मकबूल अंसारी,रेयासुद्दीन अंसारी,जाहिर अंसारी आदि ने संबोधित किया। संजय बैठा को प्रखंड स्तरीय कार्यालय का जिम्मा सौंपा गया। मौके पर शमशाद अंसारी,सैफ अली खान, उमेश उरांव,मोहन सहित सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर उपस्थित थे।

### ज्योति कलश रथ यात्रा मझिआंव पहुंचा

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करते हुए सोमवार को मझिआंव पहुंचा। इस दौरान मझिआंव शहर में आने के पहले ही गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में खजूरी गांव में अशोक साह, दिलीप सिंह, विष्णु देव प्रजापति, देवधारी महतो, जयशंकर प्रजापति एवं सुनरदेव राम सहित अन्य कई गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

### यक्ष्मा रोग खोज अभियान को लेकर मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में सोमवार को सक्रिय यक्ष्मा रोग खोज अभियान 2025 के सफल संचालन के लिये आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोइन्दी, बिशुनपुरा, जतपुरा, मड़वनिया ,सपही, कुम्बाखुर्द तथा हलिवंता कला के सीएचओ, बीटीटी, सहिया साथी व सहिया को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुनील कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सुनील कुमार ने प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों को बताया कि संबंधित गांव में सहिया के द्वारा घर-घर भ्रमण कर संभावित यक्ष्मा रोगियों का खोज किया जाना है। उन्होंने यक्ष्मा रोग के लक्षण की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत आगामी 19 मार्च को किया जायेगा।अभियान का समापन 31 मार्च को होगा। उन्होंने कहा कि संभावित टीवी मरीजों की पहचान कर जांच के बाद उनका समुचित इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जायेगा। प्रशिक्षण में सीएचओ रजनीश कुमार सिंह, प्रियंका प्रियम, नवीन कुमार, एसटीटी सुभाष कुमार, बीटीटी संजय कुमार गुप्ता सहित सभी सहिया-साथी व सहिया उपस्थित थे।

## बच्चों ने दो साल से एमडीएम मेनू के तहत नहीं मिलने की शिकायत की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा भारी बजट पास किया गया है, लेकिन रमना प्रखंड के बहियार कला पंचायत के सपही उत्क्रमित मध्य विद्यालय की स्थित सुधरने का नाम नहीं ले रहा। इस विद्यालय में वर्ग एक से लेकर वर्ग सात तक के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व कागजी काम काज के लिए दो शिक्षक है, जिनके भरोसे करीब 256 बच्चों का भविष्य है। सोमवार को पीएलभी राकेश कुमार व रुपेश कुमार रजक ने इस विद्यालय के विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी। झालसा द्वारा चलाये जा रहे विधिक अधिकार व बच्चों के शिक्षा के अधिकार के बारे में बताया गया। इस क्रम में वर्ग सातवीं के बच्चों ने बताया कि हम लोगो को एमडीएम मेनू के अनुसार दो वर्षो से नहीं मिल रहा है। केवल दाल चावल, सब्जी ही दिया जाता है। इस संबंध में बीपीओ सुनीता कुजूर ने कहा कि अगर ऐसी बात है तो इसका जांच कराया जायेगा।

### मुखिया पुत्र का सेफ्टी मैनेजर के पद पर चयन

**रमना।** नीचे बाजार रमना के राकेश कुमार का अंतिम रूप से चयन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में फायर सेफ्टी मैनेजर के रूप में चयन हुआ है। फायर सेफ्टी मैनेजर के रूप में इस पंचायत के युवा के चयन से लोगो में हर्ष है। राकेश कुमार रमना पंचायत के मुखिया दुलारी देवी व वीरंची पासवान के पुत्र है। उनका चयन फायर सेफ्टी मैनेजर के रूप में हुआ है। राकेश के सेफ्टी मैनेजर के पद पर चयन की सूचना पर परिचितों, मित्रो, जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया व फोन से बधाई दी।


## शपथ पत्र



मैं वीर प्रताप दुबे, पिता-नन्द किशोर दुबे, ग्राम-पकरी, पो.-किशुनपुर, थाना-पाटन, जिला-पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि मेरे नाम आधार कार्ड संख्या 510691798847 में अंजनी कुमार दुबे है, जो कि गलत है। जबकि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम वीर प्रताप दुबे है, जो सत्य एवं सही है। मैं अपने उरोक्त आधारकार्ड में नाम सुधार कर वीर प्रताप दबे करवाना चाहता हूं। इस उद्देश्य से शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या : XIV/1546 दिनांक : 17/03/2025**


## मंईयां सम्मान योजना के लाभ के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी। (गढ़वा)।** मंईयां सम्मान योजना के लाभ के लिए खरौंधी प्रखंड के दर्जनों महिलाएं लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। महिलाएं प्रखंड कार्यालय जाकर पदाधिकारियों से मिल रही हैं, परंतु उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। सोमवार को खरौंधी पंचायत से शिल्पा देवी, विमला देवी, इंदा देवी, अंजिला देवी, सुंडी पंचायत से शारदा देवी, सुषमा देवी, चिंता देवी, सोमरी देवी, अनीता देवी, कूपा पंचायत से रीना देवी, तेतरी देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, चंदा देवी और चंदनी पंचायत से सुकरी देवी, हेमंती देवी, कलावती देवी सहित कई महिलाएं प्रखंड कार्यालय पहुंची। लाभुक महिलाओं ने बताया कि वह चार से पांच बार प्रखंड कार्यालय आ चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। महिलाओं का कहना है कि पंचायत में आयोजित आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उन्होंने आवेदन देकर रजिस्ट्रेशन करवाया था। इसके बावजूद भी अब तक राशि नहीं मिली है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला तो वे प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगी। इस संबंध में बीडीओ रवींद्र कुमार ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए लाभुकों के बैंक खाता का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। जिनका खाता आधार से लिंक है, उन्हें योजना का लाभ मिल रहा है।

### मनरेगा में डोभा की खुदायी जेसीबी से करायी जा रही



**मेराल।** मनरेगा के तहत हासनदाग गांव में सोमवार को जेसीबी मशीन से डोभा निर्माण कराने का मामला प्रकाश में आया है। हासनदाग गांव के सधवा बांध के नीचे चंदेश्वर चौधरी के खेत में मजदूर के बदले जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर लगाकर बेधड़क डोभा खोदा जा रहा है। इस संबंध में चंदेश्वर चौधरी से पूछने पर बताया कि यह डोभा का निर्माण मेरे खेत में किया जा रहा है। जेसीबी चालक वीरेंद्र चौधरी और डोभा निर्माण करा रहे चंदेश्वर चौधरी दोनों ने बताया कि यह जेसीबी मशीन हासनदाग गांव निवासी शंभू साव का है। मालूम हो कि यहां का मजदूर लगातार पलायन कर रहे हैं और दूसरे ओर मनरेगा जैसी योजना में मजदूर से काम न कराकर जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर से डोभा निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में बीपीओ आदम अली से कई बार फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।

### विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से 83 छात्र परीक्षा से वंचित

**खरौंधी (गढ़वा)।** विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण लगभग 83 छात्र अपनी परीक्षा नहीं दे सके। परीक्षा के दौरान शिक्षक नदारद रहे और विद्यालय पूरे दिन बंद रहा। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रदेश में 17, 18 तथा 19 मार्च को कक्षा 1 से 7 तक के सभी छात्रों की परीक्षा आयोजित की जानी थी। इस दौरान शिक्षकों की छुट्टी मान्य नहीं थी। इसके बावजूद सोमवार को प्रखंड के मझिगावां पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय अजनिया टीकर के प्रधानाध्यापक अनुपस्थित रहे, जिससे विद्यालय नहीं खुला। परीक्षा देने के लिए पहुंचे छात्र काफी देर तक इंतजार करते रहे, लेकिन अंततः निराश होकर लौट गए। विद्यालय बंद रहने के कारण छात्रों को मध्याह्न भोजन भी नहीं मिला।

**छात्रों की पीड़ा**

छात्र गोल्डन अंसारी, इसहाक अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, सुहेल अंसारी, वारिस राजा, नजमा खातून, प्रियंका कुमारी, वसीम खातून ने बताया कि वह सुबह परीक्षा देने आए थे, लेकिन प्रधानाध्यापक के नहीं आने के कारण परीक्षा नहीं हो सकी। उन्हें कहाकि नहीं पता कि उनकी परीक्षा कल होगी या नहीं। जानकारी के अनुसार विद्यालय का संचालन एकल शिक्षक के रूप में महेश्वरी नंद कर रहे हैं। उन्होंने 17 से 31 मार्च तक ऑनलाइन अवकाश लिया है, जबकि शिक्षा विभाग ने परीक्षा के दौरान शिक्षकों की छुट्टी को अमान्य घोषित किया था। यदि प्रधानाध्यापक की छुट्टी को बीआरसी खरौंधी ने स्वीकृति दी थी, तो किसी अन्य शिक्षक को प्रतिनियुक्त कर परीक्षा क्यों नहीं ली गई। इस संबंध में खरौंधी बीईईओ प्रतिभा कुमारी ने कहा मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। अगर किसी कारण से विद्यालय नहीं खुला और छात्रों की परीक्षा नहीं हो सकी, तो कल से किसी शिक्षक को भेजकर परीक्षा लिया जायेगा। साथ ही विद्यालय क्यों नहीं खुला, इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यक्रम

## किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन

# उत्कृष्ट उत्पादक कृषकों को किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को फसल प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, बीडीओ कनक, उप परियोजना निदेशक योगेंद्र नाथ सिंह, प्रखंड क्षेत्र के मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस फसल प्रदर्शनी सह किसान मेला में प्रखंड क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने जमीन में उगाई गई उत्कृष्ट फसल चना, सरसों, लहसुन, बैगन, लौकी, कद्दू, गेहूं, आलू, पपीता सहित अन्य फसल को लाया गया था। इस फसल प्रदर्शनी में जिला उप परियोजना निदेशक आत्मा योगेंद्र नाथ सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक, प्रकांड प्रमुख आरती दुबे, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों के द्वारा फसल देखकर किसानों को सराहा। विशेष जानकारी देते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दयानंद पांडेय ने बताया कि किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पादन कृषकों को पुरस्कृत किया गया। कृषि के लिए तकनीकी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि राजकुमार चौधरी, अजय दुबे, गीता देवी, सुनीता देवी, रेशमा देवी को उत्कृष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही अन्य कृषकों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से किसानों में खुशी देखी गई। उत्साहित किसानों ने कहा कि हमारे यहां की मिट्टी काफी उपजाऊ मिट्टी है और किसानों को सरकारी सहायता मिलते रहेगा तो हम सभी किसान और बेहतर से बेहतर फसल को उपजाने में सफल होंगे। जिससे हम सबों को आय में भी बढ़ोतरी होगी और क्षेत्र में उत्कृष्ट फसल उपजाकर बिक्री करने में सफल होंगे। इस दौरान पुरहे पंचायत मुखिया शंभू पासवान, मुखिया महताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, इंदल सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह जनसेवक सुरेश सिंह, जेएसपीएसएल बीपीएम शिवकुमार उपाध्याय, कुंदन कुमार, कृषक मित्र, काफी संख्या में कृषक गण सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई– अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 05/RIV/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 17.03.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टि फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/30/ 2024-25 | मयूरहण्ड प्रखण्ड के मंझगांवा पंचायत में पी.डब्ल्यू.डी. रोड महेशा से आर.ई.ओ. रोड तिलरा तक पथ का निर्माण कार्य (लं.– 2.625 कि.मी.)। | 295.355 | दो करोड़ पन्चानबे लाख पैंतीस हजार पाँच सौ मात्र | 15 माह | पंचम् |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 348620 Rural Work Department(24-25)#D



**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।**
**(जिला विकास शाखा)**
Phone No. 06562-224033 E-mail - drdapalamu2019@gmail.com

**अल्पकालिन निविदा सूचना।**

दिनांक–10.07.24 को आहूत प्रबंधकीय समिति एवं न्यास परिषद, जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट कोष की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय, मेदिनीनगर (केन्दीय पुस्तकालय) में बच्चों के लिए प्रतियोगि परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक पुस्तकों का क्रय किया जाना है।

आवश्यक पुस्तकों की सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक–337 दिनांक–04.03.2025 द्वारा प्राप्त है। उक्त के आलोक में संलग्न सूची के पुस्तकों के क्रय करने के निमित इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम | :– | उपायुक्त, पलामू। |
| I. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 04.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | जिला विकास शाखा, ब्लॉक "सी" समाहरणालय। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 04.04.2025 को अपराह्न 03:00 बजे |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | समाहरणालय ब्लॉक–C के सभागार में। |

नोटः– निविदा संबंधित पुस्तकों की सूची www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

निविदा संबधित अन्य शर्ते :–

1. इच्छुक फर्म/संस्थान प्रस्ताव के साथ 1000/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट (Non Refundable) समर्पित करना होगा, जो Palamu District Mineral Foundation Trust के नाम से देय होगा।
2. निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा अलग–अलग लिफाफा में **Technical Bid** एवं **Financial Bid** समर्पित किया जायेगा।
3- **Technical Bid** खोलने के उपरांत सभी कागजात सही पाये जाने की स्थिति में ही संबंधित निविदादाता का **Financial Bid** खोला जायेगा।
4. निविदादाता के द्वारा समर्पित निविदा को उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय निविदा निष्पादन समिति के द्वारा निविदा का निष्पादन किया जायेगा।
5. निविदादाता को पुस्तकों की आपूर्ति का अनुभव होने पर प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। कम्पनी/प्रतिष्ठान का पिछले तीन वित्तीय वर्ष में औसतन **Annual Turn Over** मो0–10.00 लाख रु0 का होना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को अपने प्रतिष्ठान के लिये विगत तीन वर्षो का (i) **Income Tax Return** (ii) **PAN Card** की सत्यापित छायाप्रति समर्पित करना अविनार्य होगा। साथ ही निविदादाता को GST से संबंधित पंजीकरण प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाताओं को नोटरी पब्लिक से निर्गत शपथ पत्र समर्पित करना होगा जिसमें निविदादाता द्वारा यह स्पष्ट किया जायेगा कि निविदा प्रकाशन की तिथि तक उनके प्रतिष्ठान को किसी स्तर से काली सूची में नहीं डाला गया है।
8. निविदादाता को निविदा खोलने के समय जिलास्तरीय निविदा निष्पादन समिति के समक्ष स्वंय या उनके उपस्थिति प्रतिनिधि को अनुमोदित पुस्तकों का कम से 01 पुस्तक का नमुना प्रदर्शित करना होगा तथा आपूर्ति की जाने वाली पुस्तकों की छपाई एवं पेपर की गुणवत्ता उच्च कोटी की होगी।
9. आपूर्तिकर्त्ता को पुस्तकों की आपूर्ति के लिये किसी भी प्रकार का अग्रिम का भुगतान नहीं किया जायेगा।
10. पुस्तकों के दर में सभी प्रकार के कर एवं परिवहन व्यय आदि सम्मिलित कर ही न्युनतम मुल्य अंकित करना होगा। अलग से किसी भी प्रकार का टैक्स/राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। पुस्तकों की आपूर्ति चिहिन्त पुस्तकालय में आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा किया जायेगा।
11. निविदादाता को पुस्तकों का प्रति ईकाई दर समर्पित करना होगा तथा छूट संबंधी राशि का प्रतिशत में उल्लेखित करते हुये प्रति ईकाई दर अंकित की जायेगी।
12. सफल निविदादाता को आदेश प्राप्ति के पश्चात् 30 दिनों के अंदर स्वीकृत पुस्तकों के आपूर्ति सुनिश्चित करना होगा।
13. सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा के किसी भी शर्त को शिथिल करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त, पलामू।

उपायुक्त, पलामू।

PR 348604 (Palamu) 24-25 (D)

# पवित्र रमजान माह में रोजादार की सभी दुआएं होती है कबूल : मौलाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नौजवान कमेटी सेन्हा के द्वारा कब्रिस्तान के समीप मैदान में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार से पूर्व मौलाना जिब्राइल अहमद ने दुआ मांगी और उन्होंने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को बताते हुए कहा कि पवित्र रमजान माह में रोजादार की दुआएं कबूल होती है। इफ्तार से पहले अल्लाह से नेक दुआ मांगे तो जरूर कबूल होगा। गांव सहित क्षेत्र में अमन चैन और शांति के साथ समृद्धि आए और लोगों में आपसी भाईचारगी और अल्लाह मोहब्बतें दें साथ ही कहा कि जो रोजा रख रहें हैं। उनको और जो नहीं रखें हैं। उन सभी को अल्लाह नेक रास्ते पर चलने की हिदायत आता फरमाये।वही उन्होंने ने बताया कि रोजेदार को एक खजूर या पानी से रोजा खुलवाने में काफी शबाब है। और पवित्र रमजान माह में गरीब असहाय के लिये जकात फितरा अदा करें जिसे जरूरत मंदों का सहयोग हो सके तथा अमीर गरीब छोटे बड़े सभी लोग को ईद की नमाज में खुशी से शामिल करें। मौके पर सदर मुख्तार अंसारी, सेक्रेटरी अजरूद्दीन अंसारी के अलावे नूर मोहम्मद, अब्दुल मन्नान, मकबूल, अफरोज आलम, बाबर अंसारी समेत अन्य मुस्लिम धर्मावलम्बी के गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक में दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई और उनका अनुपालन का निर्देश दिया गया। जिला के अधिसूचित पर्यटन स्थलों में सिक्योरिटी गार्ड और सफाई कर्मी की नियुक्ति करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को पुनः स्मार दिये जाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। पर्यटन स्थलों में साइनेज लगाये जाने का कार्य जल्द पूर्ण करने, प्रस्तावित पर्यटन केंद्रों की सूची राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। वीर बुधू भगत शहादत स्थल के पास शहीद रूनिया व झुनिया के शहादत स्थल को अधिसूचित किये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को पुनः भेजे जाने का निर्देश दिया गया। धरधरिया जलप्रपात के पास शहीदों का स्मारक लगाये जाने का निर्देश दिया गया।

जिला में तैराकी के प्रशिक्षण हेतु स्विमिंग पूल का निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर कार्य प्रारंभ कराने, पर्यटकों के लिए जिला में कैंपिंग स्पॉट चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पर्वतारोहियों के लिए ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने का निदेश दिय गया। बैठक में सांसद (लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र) के निजी सचिव आलोक साहू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकृति महापर्व सरहुल सह सांस्कृतिक कार्यक्रम : विनय उरांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता से छात्र संघ एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में मुलाकात किया। मुलाकात कर आगामी 29 मार्च को बीएस कॉलेज लोहरदगा के बहुउद्देशीय भवन में प्राकृतिक पर्व सरहुल सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने को लेकर विचार विमर्श किया। मौके पर प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता ने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का होने को लेकर सराहना किये एवं स्वागत योग्य बताया। सरहुल महापर्व हमारा धरोहर है। इस सांस्कृतिक परंपरा को बचाए रखना चाहिए। यह हमें प्रकृति को बचाये रखने का सीख देती है क्योंकि प्राकृतिक हमारा जीवन का आधार है। साथ ही छात्र संघ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने बलदेव साहू महाविद्यालय के तमाम छात्र-छात्राओं से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावे। होने वाले इस प्राकृतिक महापर्व सरहुल सह सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाई जाएगी। इसमें कॉलेज के सभी विभाग के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से एक लोकगीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी। इस तरह से कार्यक्रम का आयोजन होना विद्यार्थियों को कॉलेज से एवं कला संस्कृति से जोड़कर रखना है। मौके पर पूर्व जिला महासचिव हरि भगत, मनौवर, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी शुभम शाहदेव, रोशन राम, शैलेश कुमार आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध ईंट भट्ठा पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, चार ईंट भट्ठा मालिकों पर नामजद मामला दर्ज

# अवैध ईंट भट्ठा का संचालन किसी हाल में बर्दाश्त नहीं : डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा में संचालित अवैध ईंट भठा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला खनन विभाग ने चार ईंट भट्ठा फार्म एवं उनके मालिकों पर किस्को व कुडू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। ईंट भट्ठा मालिकों पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने, अवैध ईंट निर्माण करने, ईंट निर्माण के लिए लाइसेंस नहीं लेने एवं सरकारी राजस्व की चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खनन विभाग द्वारा ईंट भट्ठा मालिकों को लाइसेंस लेने और मिट्टी खनन के एवज में राजस्व जमा करने के लिए लगातार पत्राचार कर दबाव बनाया गया। बावजूद भट्ठा मालिक खनन नियमों का अनुपालन करने में कभी गंभीर नहीं रहे। फलतः, खनन विभाग ने सोमवार को एक साथ चार भट्ठा मालिकों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर दिया। बताया गया कि कुरु थाना क्षेत्र के टीको स्थित क्रांति ब्रिक्स के मालिक बिहार अरवल जिला निवासी राम नरेश शर्मा, कुडू टाकू गांव में स्थित राजू ब्रिक्स के मालिक विश्रामगढ़ निवासी रवि कुमार के विरुद्ध कुडू थाना में नामजद मामला दर्ज कराया गया।

इस क्रम में किस्को सेमरडीह स्थित ललन ब्रिक्स के मालिक लटमा गांव निवासी ललन नायक एवं किस्को दुरहुल गांव में स्थित रिशु ब्रिक्स के मालिक नारी नवाडीह गांव निवासी विवेक कुमार साहू के विरुद्ध किसको थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज होने वाले ईंट भट्टों को विभाग द्वारा सील कर दिया गया है। बताया गया कि लोहरदगा में लगभग 43 चिमनी ईंट भट्ठा संचालित है।

इनमें लगभग डेढ़ दर्जन ईंट भट्ठा के मालिकों ने खनन नियमों का अनुपालन करते हुए लाइसेंस और मिट्टी कटाई का राजस्व विभाग के पास जमा कराया है। भारी राजस्व की चोरी करने वाले ईंट भट्ठा के मालिकों पर खनन विभाग की कार्रवाई से सनसनी व हड़कंप मच गया है। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि सोमवार को कुडू और किसको थाना में चार ईंट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया गया है। ईंट भट्ठा मालिकों को लगातार चेतावनी देने के बावजूद खनन नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। इससे सरकार को राजस्व की क्षति हो रही थी। डीएमओ ने कहा कि, चालू मार्च माह के भीतर खनन नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले अवैध ईंट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी विभाग ने पूरी कर ली है। अवैध रूप से संचालित हो रहे ईंट भट्ठा पर पूरी तरह नियंत्रण लगाया जाएगा।

# जय प्रकाश शर्मा किए गए सम्मानित



**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच चंदवा शाखा के आतिथ्य में होटल तनिष्क में शानदार होली मिलन समारोह सह बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा को चंदवा शाखा अध्यक्ष किशोर गनोदिया ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में लोहरदगा डाल्टनगंज, गुमला, लातेहार,चतरा,चंदवा, शाखा सहित विभिन्न जिलों से युवा साथी उपस्थित रहे। इस अवसर झारखंड चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री, मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने मंच के द्वारा किए जा रहे अनगिनत सामाजिक कार्यों पर अपने विचार रखे। महामंत्री सार्थक अग्रवाल उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा,लोहरदगा शाखा के अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, सचिव आशीष पोद्दार, सह सचिव शुभम शर्मा, शशांक सहित हर जिले के पदाधिकारी और सदस्य सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष, बच्चे उपस्थित हो कर होली की खुशियां मनाई और समाज सेवा को अग्रसर रहने का संकल्प दोहराया।

# सनातन संस्कृति महासम्मेलन व 51 कुण्डीय राष्ट्रीय उत्थान महायज्ञ को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 30 मार्च 2025 को सनातन संस्कृति महासम्मेलन एवं 51 कुण्डीय राष्ट्रीय उत्थान महायज्ञ को लेकर गुरुकुल शांति आश्रम में ओम प्रकाश सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में शहर के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए एवं सभी ने इस महायज्ञ को वृहत और सफल बनाने को लेकर अपने-अपने विचार देते हुए संकल्प लिए। इस निमित्त कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसके लिए अलग-अलग समितियां बनाकर जिम्मेवारियां दी गई। 25 मार्च से ही गुरुकुल शांति आश्रम में प्रत्येक दिन भंडारा चलेगी। 30 मार्च 2025 को सुबह 6:30 बजे शंख नदी से कलश शोभा यात्रा निकलेगी जो कि गुरुकुल शांति आश्रम में पहुंचेगी। उसके उपरांत आश्रम परिसर में ही एकदिवसीय वेदमंत्रो के उच्चारणों के साथ 51 कुंडीय महायज्ञ प्रारंभ होगी जो की दोपहर 2:00 बजे तक चलेगी। इस महायज्ञ पर शहरी क्षेत्र के अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों लोगों की इस महायज्ञ पर उपस्थिति रहेगी। सभी एकजुट होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यहाँ भंडारा के साथ-साथ फलाहार की भी व्यवस्था रहेगी। सभी 51 कुण्ड में बाहर से आ रहे प्रसिद्ध पुरोहितों के द्वारा हवन कराई जाएगी।

आचार्य शरण चंद्र आर्य ने कहा कि नवीन समांतर एवं आर्य समाज के 150 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं, और इस 51 कुंडीय महायज्ञ पर अधिक से अधिक सनातनी लोग उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दें। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज 196853125 वर्ष पूर्व सृष्टि का प्रारंभ हुआ था और बहुत ही हर्ष का विषय है कि अपने शहर के गुरुकुल शांति आश्रम में 30 मार्च को वृहद रूप से महायज्ञ का कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है इसमें सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सनातन धर्म वासी उपस्थित होकर विश्व की शांति हेतु यज्ञ में आहुति दे। धन्यवाद ज्ञापन संदीप कुमार गुप्ता ने किया।

बैठक में आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद खत्री, लाल नवल नाथ शाहदेव, मनोज दास, चंद्र प्रजापति, शिवशंकर सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, सरोज प्रजापति, लाल ओंकारनाथ सहदेव, कंवलजीत सिंह, दीपक सर्राफ, मनोज कुमार गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, विनोद सिंह, किशोर बंका, दिलीप कुमार(ब्बलू) साहू, रामकृष्ण महतो, हेमंत कुमार सिंह, अनिल कुमार पांडे, ब्रज सिंह, रविंद्र दत्ता, प्रवीण कुमार भारती, पप्पू कुमार साहू, भूषण प्रसाद, अभय भारती समेत अन्य उपस्थित थे।

# दो मोटरसाइकिल के टक्कर में सड़क किनारे बैठे दिव्यांग की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत दलिया टोली के पास रविवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल के बीच हुए सीधी टक्कर में सड़क किनारे ट्राई साइकिल में बैठे 70 वर्षीय वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की देर शाम डलिया टोली के पास दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई ताकत इतनी जोरदार थी कि एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे बैठे थॉमस बा नमक दिव्यांग के ट्राई साइकिल के ऊपर गिरा जिससे कि दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल को तुरंत इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। जानकारी देने के बाद सदर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक दिव्यांग के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने साथ थाना ले गई तथा आगे ही कार्रवाई कर रही है।

### 7 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन

# गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी व आत्मनिर्भर बन सकेगी : अनीता पन्ना




***मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है : सत्य प्रकाश***

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवम जिला उद्यान विभाग लोहरदगा के सहयोग से सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन सोमवार को सामुदायिक भवन भैसमुदों में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिप प्रज्ज्वलित कर पंचायत समिति सदस्य उदरंगी अनीता पन्ना एवं जिला उद्यान विभाग के सत्य प्रकाश सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्ण सिंह, राधाकांत गिरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य अनीता पन्ना ने कहा की मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी और आत्मनिर्भर बन सकेगी आज लोग ज्यादा नौकरी पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो नौकरी छोड़ व्यवसाय में जुड़ रहे हैं ऐसे में गांव में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ना निश्चित तौर पर स्वालंबन की ओर आगे बढ़ाना है, सत्य प्रकाश ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके बाद सरकार के द्वारा समूह चलाने के लिए कार्यशील पूंजी दिया जाएगा साथ ही जब समूह तैयार हो जाए उसके बाद व्यवसाय हेतु बैंक से जोड़कर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करने में विभाग से आगे सहयोग किया जाएगा साथ ही मधुमक्खी पालन शुरू होने के बाद बाजार के भी व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जाएगा। सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र भ्रमण कर मधुमक्खी पालन का प्रयोगीक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र रांची के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रमुख राधाकांत गिरि एवं मनी टोपनो के द्वारा 7 दिन तक महिलाओं को प्रशिक्षण देंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांति देवी, विरसमणी देवी, निर्मला देवी, बचनी देवी, बालू महली, सरिता देवी अंजू पन्ना सरिता उरांव, कमला उरांव, सुषमा उरांव सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी 25 महिलाएं उपस्थित थी।

# आदिवासी लोहरा समाज महासम्मेलन सह मिलन समारोह

**केरसई।** आदिवासी लोहरा समाज महासम्मेलन सह मिलन समारोह का सोमवार को आयोजन कोनजोबा अंबा बगीचा में फीता कट कर किया गया। सम्मेलन में लोहरा समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पूरे प्रखंड क्षेत्र से आए लोहरा समाज के लोगों समाज के संरक्षक राजेश केरकेट्टा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एकता की सूत्र में बांधना है, समाज को नशापान मुक्त बनाना है। समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन से रोकना है, जाति आय प्रमाण पत्र निर्गत करवाना है, समाज में शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया मुन्स खेस्स ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाज के लोगों को मदद करने की बात कही कार्यक्रम में कुरडेग ,केरसई के प्रखंड अध्यक्ष के अलावा सचिव सितम मिंज, देवराज लोहार, एता केरकेट्टा उमेश, नूतन केरकेट्टा रेखा देवी, नीलिमा केरकेट्टा, गुड़िया देवी, सुमित्रा केरकेट्टा, विनोद लोहार, संध्या देवी, जमीला देवी सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने खिलाड़ी सुमन प्रजापति को प्रदान किया किट



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बोशिया खेल से जुड़े खिलाड़ी सुमन प्रजापति को खेल किट प्रदान किया। इस किट में खेल में इस्तेमाल होने वाली गेंदें शामिल हैं। सुमन ने इस वर्ष विशाखापत्तनम में आयोजित नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। वे झारखण्ड के इकलौते खिलाड़ी हैं जो इस खेल में किसी जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में ग्वालियर में आयोजित नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में युगल जोड़ी के रूप में भी रजत पदक हासिल किया था। सुमन सलगी, लोहरदगा के रहनेवाले हैं जो वर्तमान में कुटमू, लोहरदगा में रहते हैं। मौके पर उपायुक्त ने सुमन प्रजापति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुमन के पिता तालकेश्वर प्रजापति व भाई आदित्य कुमार भी मौजूद थे।

### आदिवासी सामाजिक संगठन ने सरकार का पुतला फूंका

# सरना स्थल की पवित्रता से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अरविंद उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** रांची के सिरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल पर हो रहे कथित अतिक्रमण के खिलाफ लोहरदगा आदिवासी सामाजिक संगठन ने उग्र प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप लोहरदगा जिले के संखा नदी स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उरांव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरना स्थल की पवित्रता से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को आदिवासियों का हितैषी बताते हैं, लेकिन उनकी सरकार में ही आदिवासियों की आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। अगर सरकार ने इस पवित्र स्थल से अतिक्रमण नहीं हटाया तो जल्द ही राज्यव्यापी आंदोलन होगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि केंद्रीय सरना स्थल पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत रोका जाए और इस स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले को हल्के में लिया, तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। केंद्रीय सरना स्थल आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह स्थल सरना धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र है, जहां वे अपने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसे में इस स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण आदिवासी समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। मौके पर उपस्थितः शंकर उरांव, मुकेश कुमार, प्रभु उरांव, प्रवीण लकड़ा, शशिकांत भगत, सुजीत उरांव, पंकज उरांव, प्रमिला उरांव, राजमणि उरांव, फूलों उरांव, सुशीला उरांव समेत बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के पुरुष और महिलाएं मौजूद रहीं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता फुलकुमारी कुवॅर)**



भवनाथपुर थाना सनहा सं0–08/25 दिनांक–01.03.2025 में लापता फुलकुमारी कुवॅर, उम्र 65 वर्ष, पति स्व0 सुरेश राम, सा0–बुका थाना भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त लापता महिला के पुत्र के द्वारा आवेदन में उल्लेख किये है कि इनकी माता दिनांक 22.02.2025 को कुंभ मेला प्रयाग से अपने साथियों से पीछड़ गई है। उक्त लापता महिला फुलकुमारी कुवॅर का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला किसी व्यक्ति को कही दिखे या इनके कही होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**गुमशुदा का विवरण :–**
नामः– फुलकुमारी कुवॅर
पति का नामः– सुरेश राम
कृपया सूचनार्थ।
अनु0–यथोपरि।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 348600 Police(24-25)#D

### उपायुक्त ने बामदा पकनी गांव का किया दौरा

# डीसी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का दिए निर्देश

- *ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर दिया बल*
- *ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक सरना स्थल बनाने का आग्रह किया*
- *महिला-शिशु स्वास्थ्य व शिक्षा पर दिया गया विशेष ध्यान*






**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सोमवार चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बामदा पंचायत के पकनी गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।इस गांव में कोरबा व बिरहोर जनजाति के लगभग 20 परिवार निवास करते हैं। यहां के ग्रामीण खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली,पानी एवं सड़क निर्माण की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। ग्रामीणों का कहना था कि इस गांव में कुछ वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण किया गया था, जो कि वर्तमान में खराब पड़ा है। जिससे कि ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र जलमीनार ठीक कराने का निर्देश दिया।ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व सोलर एनर्जी से गांव को बिजली से जोड़ा गया था। लेकिन बिजली गरजने से सोलर एनर्जी खराब हो गया। जिसकी वजह से गांव में बिजली नहीं है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही सोलर प्लांट ठीक कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वन पट्टा की स्थिति की समीक्षा की और आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होंने गांव में निवासियों द्वारा किए जा रहे कृषि और अन्य जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं इन्हें और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ हीं उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर रोजगार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण योजनाओं का लाभ लें व सशक्त बनें एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इससे जोड़ें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को वन धन विकास केंद्र के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने रोजगार हेतु बाहर गए लोगों को ई - श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कहा। पकनी गांव के लोगों का कहना है कि यहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। जिससे कि ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। साथ हीं यहां राशन डीलर भी नहीं है। उन्हें राशन उठाव के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। जिससे कि उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक सरना स्थल बनाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा गृह निर्माण के लिए बालू की समस्या के बारे में बताया गया। इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहां उपस्थित महिलाओं से गैस कनेक्शन,राशन वितरण,पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली गई तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ छूटे हुए पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वहां आई महिलाओं से आंगनबाड़ी नियमित संचालन की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ी से मिलने वाले पैकेट के बारे में भी जानकारी ली। महिला और शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए उपायुक्त ने इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी (संस्थागत प्रसव) को बढ़ावा देने की अपील की और मातृ वंदना योजना तथा जननी शिशु योजना के तहत मिलने वाली ₹6500 की सहायता राशि की जानकारी दी। साथ ही, मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को तालाब निर्माण एवं सिंचाई मशीन संबंधित योजना की जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेकर खेती बाड़ी कर सकते हैं। जिसमें कि विभाग द्वारा अनुदान स्वरूप किसान को कृषि वाहन खरीदने में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर- 9431319825 जारी किया गया है। जिसमें की ग्रामीण कॉल कर अपनी समस्या की जानकारी दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को जागरूक किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात उपायुक्त ने नव प्राथमिक विद्यालय, पकनी में उपस्थित बच्चों से मुलाकात कर उनसे पढ़ाई संबंधित जानकारी ली। साथ हीं शिक्षक से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिती संबंधित एवं स्कूल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र, पकनी का निरीक्षण किया गया और सेविका से पोषण ट्रैकर के विषय में जानकारी ली गई और गांव के अन्य छूटे हुए बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ने का निर्देश दिया गया। इस दौरे में एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, पंचायत के मुखिया सीताराम मुंडा उपस्थित थे।

### घाघरा जे गुरुजी एप से परीक्षा की गोपनियाता हो रही है भंग

## परीक्षा से पहले ही डाउनलोड हो रहे हैं प्रश्न पत्र


झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रॉ
योगात्मक मूल्यांकन (SA) -II
सत्र 2024-25 (सामान्य)
वर्ग – V पूर्णांक – 60
विषय : पर्यावरण अध्ययन समय – 2 घंटे
खण्ड A (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
प्रश्न 1-7 में सही विकल्प को चुनिए। (7×2=14)
1. एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली भारत की पहली महिला कौन थी?
A. बछेंद्री पाल B. प्रेमलता अग्रवाल
C. सुनीता विलियम्स D. सूर्यमणि
2. पलामू किला सर्वप्रथम किसने बनवाया था?
A. राजा मेदिनी राय B. भागवत राय
C. चेरो शासक D. दाऊद खान
3. मलूटी का मंदिर किस जिले में स्थित है?
A. रांची B. पलामू


खण्ड- B (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
11. हमें चींटियों तथा मधुमक्खियों से क्या सीखना चाहिए?
12. सूर्यमणि का को टोंड्रग केंद्र में क्या होता है?
13. सी.वी. रमन के खोज को क्या कहा जाता है?
14. भारत में तेल के भंडार किन-किन राज्यों में है?
15. विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम क्या है?
खण्ड-C (लघु उत्तरीय प्रश्न)
16. मच्छर से बचने के क्या-क्या उपाय हो सकते हैं?
17. पेट्रोल- गैस आदि की बचत करना क्यों आवश्यक है?
18. ग्लोब और फोटो में क्या अंतर है?
19. देवड़ी मंदिर अथवा मलूटी मंदिर के बारे में चार पंक्तियां लिखें।
20. सूर्यमणि किस प्रकार अपने समुदाय की सहायता करती है?
खण्ड-D (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)
21. जंगल हम लोगों के लिए किस प्रकार लाभदायक है?
अथवा
a. दिन में हमें चांद तारे आसानी से क्यों नहीं दिखाई देते?
b. अंतरिक्ष के बारे में दो रोचक बातें लिखें।
22. हम लोग अपने वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए क्या-क्या क
अथवा
a. हम लोग तिरंगा झंडा कब-कब फहराते हैं?
b. तिरंगे झंडे के बारे में चार पंक्तियां लिखें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा, झारखण्ड शिक्षा परियोजना के तत्त्वावधान में आयोजित कक्षा एक से सात की परीक्षा 17 मार्च से प्रारम्भ है जो आगामी 19 मार्च तक आयोजित होना है। लेकिन यहां सबसे बड़ी रोचक बात यह है कि उक्त परीक्षा के लिए जे गुरुजी एप से शिक्षकों को प्रश्न पत्र डाउनलोड कर प्रश्नपत्र निकाल परीक्षा सम्पन्न कराना है। इसके लिए कोई शिक्षक ब्लैकबोर्ड में प्रश्नपत्र लिख परीक्षा ले रहे हैं तो कोई प्रिंट निकाल बच्चों को प्रश्नपत्र बांट परीक्षा ले रहे है। लेकिन इसके अलावे शिक्षक ही नही जे गुरुजी एप के द्वारा ऑनलाइन प्रश्न पत्र परीक्षा से एक दिन पूर्व ही बच्चे भी प्रश्नपत्र लेकर अपने घर जा रहे है। ऐसे में परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल उठना लाजमी है। यहां यह बता दें कि कक्षा एक एवं दो की मौखिक परीक्षा लेनी है जबकि तीन से कक्षा सात तक के लिए प्रश्नपत्र द्वारा लिखित परीक्षा लेनी है और जब परीक्षा से पूर्व ही प्रश्न पत्र बाजार में किसी भी ऑनलाइन केंद्र से उपलब्ध हो जा रहा है। ऐसे में परीक्षा लेना और परीक्षा लिखना कितना सार्थक सिद्ध होगा यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## साठ वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

**बसिया।** एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की सूचना है। मामला बसिया थाना क्षेत्र से संबंधित है।इस मामले में कोनबीर गांव की साठ वर्षीया विकलांग महिला ने अपने ही पड़ोसी व्यक्ति के उपर शराब पिलाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। यह मामला होली के दिन का है जब खिलाने पिलाने के बहाने शंभू सिंह नाम के एक युवक ने बरगला कर अपने घर ले जाकर उसके साथ घटना को अंजाम दिया। आज जब पुलिस के समक्ष यह मामला सामने लाया गया तब सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले की तहकीकात प्रारंभ कर दी है। दूसरी ओर इस मामले में अभियुक्त शंभू सिंह के परिजनों ने बलात्कार के आरोप से इनकार करते हुए इसे डायन प्रताड़ना के दृष्टिकोण से जाँच की गुहार लगाई है।

## भरनो में मैट्रिक की छात्रा ने लगाई फांसी

- *रंग लगाने पर मां की डांट से आहत होकर उठाया आत्मघाती कदम*

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के आमलिया गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। विजय भूषण सिंह की 17 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी ने रविवार देर शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मनीषा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, भरनो में मैट्रिक की छात्रा थी और सोमवार को उसकी प्रैक्टिकल परीक्षा भी निर्धारित थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के दिन मनीषा को रंग लगाने को लेकर उसकी मां ने डांट दिया था। इससे आहत होकर मनीषा ने आवेश में आकर घर के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो तत्काल फंदे से उतारकर भरनो अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार की सुबह भरनो थाना के सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। इधर मनीषा की असमय मृत्यु की सूचना मिलते ही प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, भरनो में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानाध्यापक संगीता कुजूर के नेतृत्व में विद्यालय में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत छात्रा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मनीषा की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

## क्रिकेट के लिए पांच लड़कियों का हुआ चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** बसिया प्रखंड क्षेत्र की पांच लड़कियों का चयन झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित वुमेन्स अंडर 19 प्रतियोगिता के माध्यम से जिला टीम के लिए हुआ है। इस समाचार के सामने आने के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस समाचार की पुष्टि करते हुए दीपिका कुमारी पिता गोकुल राम, करिश्मा कुमारी पिता राजकिशोर साहु,सोनी कुमारी पिता रंजीत साहू, श्रुति कुमारी पिता सुरज साहु और बिनीता कुमारी पिता राजू साहु ने बताया कि चयन के बाद आगामी 18 मार्च को धनबाद के साथ उनका मैच है। पश्चिमी सिंहभूम में आयोजित होनेवाले इस मैच में शामिल होने



जा रही सभी पाँच लड़कियां उसुर्लाईन कोंवेंट बालिका उच्च विद्यालय कोनबीर-नवाटोली की छात्रा है। सभी लड़कियां सामान्य परिवारों से ताल्लुक रखती हैं और विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद इस ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट का अलख जगाने में निरंतर लगी हुई हैं।

इस संबंध में क्रिकेट की बारिकियों से इन्हें निरंतर अवगत कराने वाले पूर्व स्टेट खिलाड़ी राजू राम ने बताया कि सभी बच्चियों के हुनर व जज्बे को देखते हुए इन्हें महेंद्र सिंह धौनी क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की गई है। इस चयन को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने यह भी जोड़ा कि संसाधनों के पूर्ण अभाव के बावजूद आज जो नतीजा सामने आया है वह काफी उत्साहित करनेवाला है।


### कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के ज्ञापांक – 294/न0प0, दिनांक – 04.03.2025 एवं PR.NO.347812 District(24-25):D द्वारा प्रकाशित सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या – 27/2024–25 (2nd Call) में आवेदन प्राप्ति की तिथि दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में आवेदन शुल्क एवं प्रतिभुति राशि के साथ जमा करना था। परन्तु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के ज्ञापांक 1479/राँची, दिनांक 11.03.2025 के आलोक में दिनांक 15.03.2025 को भी अवकाश घोषित कर दिया गया।

उक्त कारण से सैरात बंदोबस्ती के आवेदन प्राप्ति की तिथि दिनांक 18.03.2025 को कार्यालय अवधि तक एवं खुली डाक दिनांक 19.03.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक बढायी जाती है।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 348601 (District)24-25*D


## भरनो में फिर हाथी का तांडव, स्कूल में घुसकर डेढ़ क्विंटल चावल खाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रविवार की रात एक आदमखोर जंगली हाथी ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोंडरा में जबरदस्त तांडव मचाया। हाथी ने स्कूल भवन में घुसकर तीन खिड़कियां, तीन दरवाजे तोड़ डाले। यही नहीं, किचन शेड का दरवाजा तोड़कर डेढ़ क्विंटल मिड-डे मील का चावल भी चट कर गया। हाथी ने स्कूल में रखे कई बर्तनों को नुकसान पहुंचाया, ऑफिस में रखे अलमारी और किताबों को भी नहीं बख्शा। घटना की जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक झारी कुल्लू ने संबंधित संकुल समन्वयक को दी। बताया जा रहा है कि यह वही हाथी



है जो सालोंभर अमलिया जंगल में डेरा जमाए रहता है और समय-समय पर अमलिया समेत आसपास के गांवों में तबाही मचाता है।

### करंज थाना क्षेत्र में फैला दहशत का माहौल

जानकारी के अनुसार, यह हाथी अमलिया जंगल से निकलकर भरनो के बोडो होते हुए करंज थाना क्षेत्र में पहुंच गया है और वहां भी उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हाथी रास्ते में जो भी सामने आता है, उसे नुकसान पहुंचाए बिना नहीं छोड़ता। कुछ दिन तक करंज इलाके में उत्पात मचाने के बाद यह वापस अमलिया जंगल लौट जाता है और फिर वहां से निकलकर नए सिरे से तांडव शुरू कर देता है।

### वन विभाग की चुनौती बना यह अकेला हाथी

हालांकि वन विभाग की टीम अब तक कई बार हाथियों के झुंड को खदेड़कर दूसरे इलाकों में भेजने में सफल रही है, लेकिन यह अकेला जंगली हाथी अब भी विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है। हाथी की इस घटना से लोंडरा समेत आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रशासन ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल वन विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## मोटरसाइकिल से सड़क दुर्घटना डोकपाठ निवासी हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवानी पंचायत अंतर्गत छेरिया के समीप एक सड़क दुर्घटना में 34 वर्षीय जांघरियस टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब जांघरियस अपने सीबी साइन मोटरसाइकिल से परिजनों को गाड़ी चढ़ाने चैनपुर आए थे।लौटते समय, जब वह चैनपुर से अपने घर डोकापाठ जा रहे थे, तब छेरिया के समीप एक तीखे मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इस घटना के परिणामस्वरूप जांघरियस के ओठ में गंभीर चोट आई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे और घायल को नजदीकी निजी अस्पताल में ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जांघरियस को छुट्टी




दे दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह पाठ जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गया है। जिससे बार बार दुर्घटना हो रही है।इस दुर्घटना को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से आग्रह किया है कि सड़क किनारे चेतावनी संकेत और सुरक्षा उपायों को बढ़ाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। जांघरियस की स्थिति अब स्थिर है, और वह अपने परिवार के साथ घर लौट आए हैं। इस घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के महत्व को एक बार फिर उजागर किया है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का अति अल्प कालीन निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/ST-SC-WSS-17/2024-25 दिनांक– 10.03.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No- 348292 Drinking Water and Sanitation(24-25):D से प्रकाशित है। जिसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | प्रकाशित सूचना | | संशोधित सूचना |
|---|---|---|---|
| 01 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | 15.03.2025 | 18.03.2025 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 02 | निविदा जमा करने की तिथि | 17.03.2025 | 19.03.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 17.03.2025 | 19.03.2025 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 04 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 500.00 | 750.00 |

निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार।

PR 348580 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)


## कार ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, दोनों गंभीर घायल

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली गांव के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में माधव उरांव और रौशन उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

### अवैध बालू उठाव पर चला प्रशासन का डंडा

## सिंगरौली नदी से एक ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** अवैध बालू उत्खनन और परिवहन पर नकेल कसने के लिए भरनो अंचल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को सीओ अविनाश कुजूर के नेतृत्व में सिंगरौली नदी में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से बालू उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया और जब्त कर लिया गया। सीओ की दबिश से अन्य ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकले। पकड़े गए ट्रैक्टर को भरनो पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही मामले की जानकारी खनन विभाग को भी दे दी गई है। सीओ अविनाश कुजूर ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। सीओ की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों और ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मच गया है।

### घाघरा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना

# लाभुकों को वितरित किया गया बीमार सूकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री पशुधन योजना में घाघरा में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है । अच्छे नस्ल के पशु नहीं देकर लाभुकों के बीच कमजोर पशुओं का वितरण किया जा रहा है। अनुदान पर मिलता है किसानों को पशु । बता दें कि किसानों की आर्थिक स्थित सुधारने के लिए झारखंड सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना चला रही है। योजना के तहत पशुपालकों और लाभुकों को सरकारी अनुदान पर पशु देकर उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। लेकिन घाघरा में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगी है।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत घाघरा प्रखंड में लाभुकों को अच्छी नस्ल की सूकर न देकर कमजोर नस्ल की सूकर का वितरण किया जा रहा है । कागज में हेराफेरी कर सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। कुछ लाभुकों ने शिकायत की है कि उन्हें जिस सूकर के साथ





प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में तस्वीर ली गई थी वह सूकर नहीं दी गई। बड़े-बड़े सूकर के साथ फोटो लिया गया मगर वितरण के समय छोटे-छोटे एवं बीमार सूकर को घर में उतार दिया। लाभुक निर्मला उरांव ने कहा घाघरा निवासी लाभुक निर्मला उरांव का कहना है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में बड़े-बड़े सूकर के साथ उनका फोटो ले लिया गया और छोटे-छोटे एवं बीमार सूकर को घर में उतार दिया गया । जिसकी शिकायत लाभुक के द्वारा पशुपालन पदाधिकारी सीमा का को किया गया था। जिस पर पशुपालन पदाधिकारी सीमा एक्का के द्वारा उक्त बीमार शूकर को बदलकर नए शूकर देने की बात कही गई थी। लेकिन बदलने से पहले ही दो सूकर की मृत्यु मिलने के दो दिन बाद ही हो गई । साथ ही लाभुक निर्मला उरांव ने बतायी कि उनके द्वारा इस योजना को लेने के लिए 14400 का भुगतान भी किया गया है । विभाग द्वारा छोटे एवं बीमार सूकर मिलने तथा उनके मर जाने से निर्मला उरांव अपने आप को ठगी महसूस कर रही है ।

लाभुक नीमा देवी ने कहा घाघरा निवासी लाभुक नीमा देवी ने पशुपालन विभाग से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सूकर लेने के लिए उनके द्वारा 1 वर्ष पूर्व ही 14400 की राशि का भुगतान किया गया था । 1 वर्ष बाद उन्हें सूकर तो मिला परंतु छोटे एवं बीमार सूकर मिला है । अभी तक उनकी कोई क्षति नहीं हुई है परंतु एक सूकर जब से लाया गया है तब से कुछ नहीं खा पी रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि दूध पीने वाले बच्चे सूकर को ही लाभुक को वितरित कर दिया गया है।

लाभुक विनीता देवी ने कहा दोदांग निवासी लाभुक विनीता देवी का कहना है कि विभाग के द्वारा दूध पीने वाला सूकर मिला था। जिसके कारण हमारा एक सूकर मर गया।

### पुनः वितरण किया जाएगा दूसरा सूकर : सीमा एक्का

प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का से दूरभाष पर बात किए जाने पर उन्होंने कहा कि गाड़ी का डाला लगे होने के कारण वह पशु को देखने नहीं पाई अगर पशु मर गया है और पशु कमजोर है तो वितरित सभी सूकर को वापस कर उसके बदले लाभुको को नए सिरे से पुनः शूकर वितरण किया जाएगा।


### जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**"इच्छा की अभिव्यक्ति" (EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Ministry of social Justice and Empowerment, Govt. of India वर्ष 2021–2022 द्वारा नामित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) हेतु चतरा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल–168 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survery) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से "ईच्छा की अभिव्यक्ति" (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्य का नाम | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 168 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति 168 ग्रामो में सर्वेक्षण –(Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना। |
| 2 | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–24.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–26.03.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 6 | विज्ञापनदाता का नाम | उप विकास आयुक्त, चतरा |
| 7 | आय–व्ययक (बजट) | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तेयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत् चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 8 | अग्रधन की राशि | 50,000/– (पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, चतरा के पक्ष में एवं बैंक ऑफ इंडिया, शाखा विकास चतरा में भुगतेय होगा। |
| 9 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पादन अवधि | 45 दिन अन्तर्गत |

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वार अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में केन्द्र प्रायोजित पायलॅट परियोजना के रूप में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त एवं जानकारी चतरा NIC Portal- https://chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
चतरा।

PR.NO.348615 Rural Development(24-25):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिए बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# कृत्रिम बुद्धिमता गति रोजगार और जोखिम

असंभव वीडियो को संभव बनाकर सोशल मीडिया पर धूम मचाने वाले लोग एआई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। एआई का मतलब एक ऐसी तकनीक है, जो कंप्यूटरों और मशीनों को मानवीय ढंग से सीखने, समझने, समस्या का समाधान करने, निर्णय लेने और रचनात्मकता व स्वायत्तता का अनुकरण करने में सक्षम बनाती है, बल्कि यह जानना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि धोखेबाज कैसे एआई का उपयोग भोले-भाले लोगों को लूटने के लिए कर सकते हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को एआई आधारित ट्रेडिंग के झांसे में फंसाकर ठगी कर रहे थे। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी धोखाधड़ी करने के लिए दिग्गज उद्योगपतियों की फर्जी तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल करते थे, ताकि लोगों को यह विश्वास हो जाए कि वे सही जगह अपना निवेश कर रहे हैं। गत वर्ष दिल्ली पुलिस को मिली शिकायत में दक्षिणी दिल्ली निवासी पीड़ित ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर वीडियो विज्ञापन में देखा कि एक दिग्गज उद्योगपति एआई आधारित ट्रेडिंग का प्रचार कर रहे थे। झांसे में आकर उसने मेल के माध्यम से मार्केटिंग प्रतिनिधि से संपर्क किया। इसके बाद एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप नंबर पर उसे एक वेबसाइट की लिंक भेजी। शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और उसे विश्वास दिलाया गया कि बिटकॉइन खरीदकर बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने फर्जी प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई बार रुपयों के लेन-देन में 9.53 लाख रुपए का निवेश किया। पुलिस जांच में एक ऐसी फर्म का पता चला है, जो फर्जी कंपनियों के लिए मुखौटा निदेशकों और स्वामित्व का इस्तेमाल करती थी और इनके नाम पर बैंक खाते खोलने में मदद करती थी। नए तरह के साइबर अपराधों से जुड़े मामलों का यह तो बस एक उदाहरण है, जिसमें धोखेबाज फर्जी योजनाओं को संचालित करने के लिए एआई का उपयोग कर प्रमुख हस्तियों और उद्योगपतियों के नाम का दुरुपयोग करते हैं। धोखेबाज आकर्षक और भ्रामक तरीके से अपनी योजनाओं को पेश कर लोगों को फंसाते हैं। इसके लिए वॉइस क्लोनिंग और डीपफेक जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यह डिजिटल भारत का कमजोर पक्ष है, जहां अधिक से अधिक लोगों की डिजिटल दायरे में मौजूदगी है, लेकिन लोग भोले बने हुए हैं और अक्सर जल्द पैसा कमाने के चक्कर में आसानी से धोखा खा जाते हैं। ठगे जाने वाले लोगों ने 'एआई' शब्द सुना है, लेकिन धोखेबाज इस तकनीक का किन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं, इनकी उन्हें कम जानकारी है। देश भर में डिजिटल वित्तीय लेन-देन अपनाने पर जोर दिया जा रहा है, कई लोग यूपीआई जैसी भुगतान प्रणालियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन आम तौर पर डिजिटल बचाव और सुरक्षा को लेकर अब भी जागरूकता की कमी है। यह समस्या किसी विशेष क्षेत्र या राज्य की नहीं है। यहां तक कि उच्च साक्षरता और शिक्षा वाले राज्यों में भी एआई से संबंधित धोखाधड़ियां होती रही हैं।

*ठगे जाने वाले लोगों ने 'एआई' शब्द सुना है, लेकिन धोखेबाज इस तकनीक का किन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं, इनकी उन्हें कम जानकारी है।*

18 मार्च हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के पहले 'मंगला जुलूस' पर विशेष

# 'मंगला जुलूस' से प्रारंभ होती है हजारीबाग की रामनवमी





**स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर**
हजारीबाग रामनवमी के शुरुआतकर्ता (1918)

होली पर्व के समापन के साथ ही हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगल जुलूस' की तैयारी शुरु हो जाती है। 18 मार्च को बड़े ही धूमधाम के साथ विभिन्न रामनवमी समितियों द्वारा पहला मंगल जुलूस हजारीबाग में निकाल जाएगा। स्थानीय लोग मंगला जुलूस को मिनी रामनवमी के नाम से भी संबोधित कर गर्व का अनुभव करते हैं। वहीं दूसरी और रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने हेतु महासमिति के गठन हेतु कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है। एक शोध के अनुसार मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरुआत 1955 के आसपास हुई थी। मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरुआत रामनवमी जुलूस निकलने के लगभग सैंतीस वर्षों बाद ही शुरुआत हो पाई थी। यह बात प्रचलित है कि मंगला जुलूस वृहद रामनवमी जुलूस की पूर्व तैयारी की भूमिका होती है। रामनवमी जुलूस का विस्तार जैसे-जैसे बढ़ता गया। उसी तरह इसकी लोकप्रियता भी बढ़ती गई। बृहद रामनवमी जुलूस के अवसर पर बेहतर ढंग से शस्त्र प्रदर्शन हो, इस निमित्त हर मंगलवार को जुलूस निकालने की परंपरा शुरू हुई थी।

हजारीबाग में रामनवमी की शुरुआत की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है। हजारीबाग जेपीएम मार्ग निवासी, स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1918, में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन (चैत्र नवमी) पर अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर पहला महावीरी झंडा का जुलूस निकाला था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने हाथ में महावीरी झंडा लेकर बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मंदिरों का परिक्रमा कर जुलूस का समापन किया था। इस जुलूस में शामिल उनके मित्रों ने बढ़ चढ़कर उन्हें सहयोग किया था। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह जुलूस आने वाले समय में हजारीबाग की रामनवमी जुलूस के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। गुरु सहाय ठाकुर ने रामनवमी का पहला जुलूस भगवान राम चंद्र जी के जन्मदिन चैत्र नवमी को निकाला था। इस संबंध में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर के नाती सेवा निवृत्त शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने बताया कि गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही भगवान राम के अनन्य भक्त रहे थे। वे समाज में जात - पात, व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को दूर करना चाहते थे। वे बाल काल से ही सामाजिक नव जागरण में सक्रिय थे। एक रात गुरु सहाय ठाकुर ने स्वप्न देखा कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर महावीरी झंडा लेकर नगर का भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की। उन्होंने सुबह इस स्वप्न का जिक्र अपने परिवार सहित कुछ मित्रों से किया। तब लोगों ने उन्हें सलाह दिया था कि भगवान राम आपके माध्यम से महावीरी झंडा निकलवाना चाहते हैं। यह सुनकर गुरु सहाय ठाकुर ने संकल्प ले लिया था कि इस बार चैत्र रामनवमी के दिन महावीरी झंडा जरूर निकालूंगा। 1918 में उन्होंने कुछ मित्रों के साथ पहला महावीर झंडा निकाला था। 1918 में शुरू हुआ यह पहला महावीरी झंडा धीरे धीरे कर रामनवमी जुलूस में परिवर्तित होता चला गया था। चैत्र रामनवमी के दिन गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाले गए जुलूस को जन-जन तक पहुंचाने में हजारीबाग नगर के हीरा लाल महाजन, टीभर गोप, कर्मवीर , कन्हैया गोप,घनश्याम कहार, पांचू गोप, महावीर मिस्त्री मूर्तिकार, गजाधर महाजन, कस्तूरी मल अग्रवाल जैसे सैकड़ों जन ने महती भूमिका निभाई थी । बाद के कालखंड में जब मंगला जुलूस हजारीबाग में निकलना प्रारंभ हुआ था, तब उपरोक्त हिंदू धर्मानुरागियों ने बढ़ चढ़कर अपनी मां की भूमिका अदा की थी। हजारीबाग नगर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, जिस मंदिर में पूजा अर्चना 1901 से प्रारंभ हो गई थी। इसी वर्ष यह मंदिर एक दान पत्र के माध्यम से सार्वजनिक पूजा के लिए समर्पित कर दिया गया था। इस मंदिर में बनारस के कारीगरों द्वारा बनाया गया एक विशाल महावीरी झंडा लाया गया था। इस झंडा में भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर भक्त हनुमान की आकृति उकेरी हुई थी। जो काफी आकर्षक था। गुरु सहाय ठाकुर ने पंच मंदिर के महावीरी झंडा को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि रामनवमी के जुलूस में इस के महावीरी झंडा को शामिल करने की इजाजत दी जाए। लेकिन तत्कालीन राधा कृष्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। इससे वे मायूस नहीं हुए थे। बल्कि 1918 में उन्होंने अपने पांच मित्रों के साथ एकल महावीरी झंडा लेकर चैत्र रामनवमी के दिन पहली बार जुलूस निकाले थे। आगे चलकर एकल रामनवमी झंडा जुलूस की सूरत बदलती चली गई थी। अब सैकड़ों की संख्या में इस जुलूस में महावीरी झंडे शामिल होने लगे थे। बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर राधा कृष्ण मंदिर का महावीरी झंडा रामनवमी के जुलूस में शामिल किया जिसने लगा था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर रामनवमी जुलूस के माध्यम से हिंदू समाज में जागृति लाना चाहते थे। वे हिंदुओं में एक संगठन पैदा करना चाहते थे। यह भी जानकारी मिली कि ब्रिटिश शासन काल में ईसाई धर्म प्रचार के क्रम में हजारीबाग सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर इस महावीरी झंडा जुलूस के माध्यम से हिंदुओं के भीतर भगवान राम की भक्ति का अलख जगाना चाहते थे। हिंदू धर्मावलंबियों के अन्य धर्म में परिवर्तित होने के बाद उन्हें कतई पसंद नहीं थी। इस महावीरी जुलूस के माध्यम से गुरू सहाय ठाकुर धर्म परिवर्तन को रोकना चाहते थे। इसलिए उन्होंने हर हिंदू के घर में राम चरित मानस रखने की बात भी बताई थी। वे समाज में व्याप्त जात पात, कुरीति,अंधविश्वास और अस्पृश्यता को जड़ से मिटा देना चाहते थे। इस कालखंड में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर हिंदू घरों मे शराब का सेवन हुआ करता था। उन्होंने महावीर झंडे के माध्यम से घर-घर में होने वाले शराब के सेवन को बंद कराने का भी आह्वान किया था। फलतः समाज पर इसका बहुत ही व्यापक असर हुआ था। देश की आजादी के बाद जब पहला महावीर झंडा निकाला गया था, तब इसकी सूरत ही बदली हुई नजर आई थी। देश की आजादी के बाद जुलूस के स्वरूप में क्रमवार विस्तार ही होता चला गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**विजय केसरी**
कथाकार / स्तंभकार

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोडे. अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए। निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ललित गर्ग**

(विश्व समाजकार्य दिवस विशेष 18 मार्च 2025)

# आधुनिक परिवेश में समाजकार्य दिखावा बनकर ना रह जाए

दुनियाभर के महान समाज सुधारकों का नाम मन में आते ही, हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा से भर जाते हैं, क्योंकि उन्होंने लोककल्याण हेतु अपार पीड़ा व कष्ट सहकर और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, उन्होंने खुद की परवाह न करके लोगों के अधिकार, मानवता, समानता, एकता, समाज उत्थान के लिए वे जीवन के अंत तक प्रयासरत रहे, लोगों की समस्या और उनके दर्द को उन्होंने महसूस किया, उस दर्द को जिया हैं। ऊंच-नीच, जाति-भेद, लिंग-भेद, वर्णव्यवस्था, अन्या, सामाजिक कुप्रथा जैसे अनेक बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आज प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के जो अधिकार मिले है, यह उन समाजसुधारकों के मेहनत का फल हैं। जानवरों से भी बदतर हालात से गुजरने के बाद मानव ने यह स्थिति पायी हैं। अनादिकाल से भारत देश में सती प्रथा, देवदासी प्रथा, डायन शिकार की प्रथा, बाल विवाह व बहुपत्नी विवाह प्रथा, महिला जननांग विकृति प्रथा, छुआछूत, स्त्री भ्रूण हत्या जैसे भयावह प्रथाएं मौजूद सामान्य सामाजिक बुराइयां थीं। दहेज लड़कियों के माता-पिता के लिए चिंता का एक और प्रमुख कारण था, जिससे कन्या शिशु की हत्या का कारण भी बढ़ गया। स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का वर्चस्व था। निम्न जाति वर्ग और महिलाओं को पशुओं से भी तुच्छ माना जाता था। सदियों से चलते आ रहे ऐसे कुप्रथाओं के जुल्मों सितम को महान समाज सुधारकों ने रोका। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने देश में स्त्री शिक्षा की लौ प्रज्वलित की। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कर्मचारियों और महिलाओं को अधिकार, वंचितों को समानता का स्थान दिलवाया। पंडिता रमाबाई ने बाल विवाह रोकने और महिलाओं व विधवाओं के शिक्षा को मजबूत बनाया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, भूदान प्रणेता विनोबा भावे, पेरियार ई. वी. रामासामी, कबीर, रविदास, ताराबाई शिंदे, रमाबाई रानाडे, फातिमा शेख, स्वर्णकुमारी देवी, सिस्टर निवेदिता, कादम्बिनी गांगुली, धोंडो केशव कर्वे, मदर टेरेसा, बाबा आमटे, सिंधुताई सपकाल से लेकर वर्तमान के मेधा पाटकर, सुपर 30 के आनंद कुमार, कैलाश सत्यार्थी, इरोम शर्मिला, सोनम वांगचुक जैसे अनेक का नाम समाजकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा जैसे अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं।

हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को "विश्व समाजकार्य दिवस" दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है "स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना"। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सिख दी है, यहीं हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों की अपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए। अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैन दशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात




**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हर चुनाव इक प्रश्न है, उत्तर स्वयं चुनाव।
जन को ही खुद खींचनी, पड़ती अपनी नाव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# त्रिवेणी संगम की धारा केवल महाकुंभ में नहीं जीवन के महाकुंभ में भी है इसकी मौजूदगी

प्रयागराज के महाकुंभ मेले का समापन हो गया है। समापन के बाद भी विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की चर्चा पूरे विश्व में है। यह चर्चा काफी व्यापक है और महाकुंभ से कहीं अधिक चर्चा इसमें जुटे जनसैलाब को लेकर है। इस चर्चा में राजनेताओं के वे बयान भी सामने हैं जिसके अंतर्गत महाकुंभ के अस्तित्व का भरपूर छिछालेदर किया गया। ऐसा तब नजर आया जबकि महाकुंभ महज एक मेला भर न होकर खुद में सनातन आस्था, भारतीय संस्कृति और अक्षुण्ण परंपरा का साक्षात संगम रहा है। यह सही है कि किसी भी मेले का प्रत्यक्ष संबंध अर्थव्यवस्था की आर्थिक उन्नति में सन्निहित होता है और महाकुंभ इसका अपवाद भी नहीं है। इस संदर्भ में देखें तो महाकुंभ के मामले में न केवल योगी जी के उत्तर प्रदेश ने बाजी मार ली है बल्कि इस आयोजन को "मृत्युकुंभ" कहने वाली ममता बनर्जी का बंगाल भी संगम के आर्थिक घाट में डुबकी लगाने से पीछे नहीं रहा। इतना ही नहीं, कुंभ की आलोचना करने वाले राजनैतिक पार्टियों से संबंधित राज्य भी महाकुंभ के इस घाट में डुबकी लगाकर आज मस्त हैं। इन राज्यों के आर्थिक लाभ के आंकड़े अभी नहीं आए हैं। इसके बावजूद सरसरी तौर पर देखें तो तमाम राज्यों के वाहन महाकुंभ में देखे गए और इस दौरान परिवहन क्षेत्र से संबंधित तमाम लोगों के आर्थिक लाभ पर किसी को कोई संशय नहीं है। बताते चलें कि तमाम राजनेताओं और राजनैतिक दलों को आखिरकार राजनीति करनी है तो उत्तर प्रदेश को मिल रहे इस क्रेडिट के बीच यहाँ कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। इन विवादों में से फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनने की असफल कोशिश, मॉडल हर्षा रिछारिया की नौटंकी और मोनालिसा भोंसले की खूबसूरत आंखों के बीच आईआईटीयन बाबा के तड़के ने भी खुब सुर्खियां बटोरी। इसी तरह विश्व के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन के बीच में से समाचार यह भी आया कि आगरा के एक कारोबारी संदीप सिंह धाकरे ने नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी तेरह वर्षीया होनहार बेटी राखी को जूना अखाड़े में दान कर दिया है। संगम की अविरल व मोक्षदायिनी धारा के बीच जब समावेशी आर्थिक समागम की चर्चा हो रही है तब चर्चा यह भी है कि इस साल "हर तीरथ बार बार गंगासागर एक बार" या "हरिहर क्षेत्र के मेले" का आकर्षण भी एक तरह से कुंद होकर रह गया। अभी पिछले साल तक का ही उदाहरण ले लें तो प.बंगाल के गंगासागर में डुबकी लगाने या बिहार के हरिहर क्षेत्र में लगने वाले सोनपुर मेले के आकर्षण की तुलना कुंभ से की जाती थी। डुबकी लगाने के इन क्रियाकलापों का संबंध देश की सनातन आस्था, तत्संबंधी संस्कृति और अक्षुण्ण परंपरा से जुड़ा हुआ विषय रहा है। इसी तरह, सनातन परंपरा के इन धरोहरों के बीच आपस में न कोई विवाद है और न कोई प्रतियोगिता ही है। इसके बावजूद महाकुंभ में जुट रहे जनसैलाब की चर्चा कहीं अधिक है क्योंकि यह त्रिवेणी की धारा है, सनातन संस्कृति है और योगी आदित्यनाथ जी की आक्रामकता प्रचार शैली का संगम भी है। "हरि अनंत, हरि कथा अनंता" की तर्ज पर इस आयोजन को देखें तो इसके प्रभाव को आज अतलनीय माना जा रहा है। इस बार संगम के स्नान प्रयागराज के त्रिवेणी घाट पर संपन्न हुए। त्रिवेणी का प्रभाव देखिए, इसने तमाम आलोचनाओं के बावजूद न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि झारखंड, बंगाल, कर्नाटक, तामिलनाडु, केरल जैसे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था तक को समृद्ध गति देने का कारनामा कर दिखाया। इसी तरह लगे हाथ फिल्म अभिनेत्री और मॉडल से लेकर माला बेचने वाली किसी गुमनाम सी सुनयना को भी आध्यात्म की राह दिखा दी। दूसरी ओर, इस त्रिवेणी का प्रभाव केवल आध्यात्म में सिमटा हुआ नहीं रहा क्योंकि इसने हमारे भूगोल और भौगोलिकता के साथ हमारे खगोलीय ज्ञान की विरासत तक का डंका पूरे विश्व में बजाकर रख दिया। जी हाँ, यह महाकुंभ ही था जिसने किसी "नासा" से कोई अपेक्षा रखे बगैर यह बखूबी जता दिया कि महाकुंभ में एक ओर सूर्य था तो दूसरी ओर बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून जैसे तमाम ग्रह कतारबद्ध भाव से खड़े थे। इसी तरह भूगोल के प्रति सनातन संस्कृति के समर्पण की बातें भी सिद्ध होती नजर आई क्योंकि अक्षांतर व देशांतर रेखाओं को रेखांकित करते ही हमारे सामने उज्जैन, हरिद्वार, नासिक व प्रयागराज की एक अद्भुत तस्वीर सामने आती चली गई। इन चारों तीर्थस्थलों पर कुंभ के आयोजन होते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# युवक की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी 18 वर्षीय सोनू कुमार की हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र में हुई हत्या के बाद गांव में क्षत विक्षत शव पहुंचते ही परिजनों के दहाड़ से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों पुलिस प्रशासन के प्रति लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश में जमकर नारेबाजी की। बता दें कि मृतक सोनू हिरामन साहू का एकलौता पुत्र था। वह पिछले चार दिनों से लापता था। स्थानीय थाना में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि मृतक हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करता था। अपने घर से गुरूवार सुबह हजारीबाग सर्टिफिकेट लेने निकला था। इस बीच वह लापता हो गया। रविवार देर रात कोर्रा पुलिस ने उसके शव को एक तालाब से बरामद किया। परिजनों ने पुलिस पर गंभीरता नहीं दिखाने के आरोप लगाते हुए हत्या में शामिल आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। मृतक के पिता ने अपने बड़े और मंझले भाई पर रंजिश में हत्या करने की आशंका जतायी हैं। बहरहाल स्थानीय प्रशासन हर संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच जुटी है। हत्या के विरोध में परिजनों के साथ सैंकड़ों ग्रामीण तेलियाडीह स्कूल के समीप सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया। लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस ने एक देसी कट्टा के साथ मरांगलोइया निवासी नीरज महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्हें बताया कि नीरज महतो बालूमाथ थाना क्षेत्र के मरंगलोईया बारा ग्राम के निवासी को अवैध हथियार रखने के आरोप में जेल भेज दिया गया है। बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नीरज अपने घर में हथियार रखा है। सूचना की पुष्टि के लिए घर पर छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस को मौके से एक देसी कट्टा बरामद की गई। उसे सुसंगत धाराओं के साथ न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में मुरपा पुलिस पिकेट प्रभारी होसेन डांग के अलावा सशस्त्र पुलिस के जवान शामिल थे।

# गिद्धौर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने प्रेमनाथ

**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी महापर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी में विभिन्न अखाड़ों व ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गांव के कांशीराम दांगी की ने की। संचालन परमेश्वर दांगी ने किया। बैठक में सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न अखाड़ों द्वारा झांकी प्रस्तुति को लेकर कई प्रस्ताव पारित किया गया। पारित प्रस्ताव के अनुसार सभी झांकी क्लब व अखाड़ा को जुलूस के साथ रामनवमी मेला स्थल में 4:30 बजे तक पहुंचने की समय सीमा निर्धारित किया गया। बैठक में लॉटरी के माध्यम से झांकी प्रस्तुति का क्रमवार निर्धारित कर दिया गया। निर्धारित क्रमवार के अनुसार सबसे पहले बिचली मुहल्ला झांकी समिति द्वारा झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। दूसरे नंबर पर युवा चिंतन क्लब बरटा के द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे नंबर पर हेट मुहल्ला के द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। चौथे नंबर पर ठाकुरबाड़ी मुहल्ले की झांकी प्रस्तुत होगी। पांचवे नंबर पर ऊपर टोला की झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारित समय पर अखाड़ा व जुलूस को लेकर नहीं आने वाले अखाड़े को आर्थिक दंड के साथ झांकी प्रस्तुति का समय सबसे अंतिम में निर्धारित किया गया। इसके बाद बैठक में महासमिति का पुनर्गठन किया गया। गठित समिति में प्रेमनाथ उर्फ परनाथ दांगी को अध्यक्ष,मनोज कुमार कुशवाहा को सचिव,सत्येंद्र कुमार दांगी को कोषाध्यक्ष,निरंजन दांगी को उपाध्यक्ष,राजेश कुमार को सह कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार को सहसचिव,निर्देशक बंसी दागी युवा व्यवसायी आशीष कुमार मनोनीत किया गया। मंच संचालन का दायित्व कपिल कुमार को दिया गया। महासमिति का मीडिया प्रभारी लक्ष्मण दांगी को बनाया गया। मौके पर मुखिया निर्मला देवी, पूर्व मुखिया राजेश कुमार राजू, जितेंद्र कुमार जीतू, यदुनंदन पांडेय, कमलेश कुमार, बबलू कुमार साव, प्रदीप कुमार मौर्य, मनोज कुमार वर्मा, अनिल कुमार दांगी, राजेश कुशवाहा, विकास कुमार, मंटू कुमार, इंद्रजीत कुमार, सुनील कुमार राणा, अमिर कुमार दांगी, दशरथ कुमार दांगी, इंद्रजीत साव मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## सर्प दंश से अचेत हुई लड़की

**कुंदा (कुन्दा)।** थाना क्षेत्र के खपिया गांव निवासी संजय भारती की पुत्री संगीता कुमारी को सोमवार की सुबह महुवा चुनने के दौरान सांप ने डंस लिया। परिजनों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया है।

## ठाकुरबाड़ी झांकी प्रस्तुति समिति के अध्यक्ष बने कार्तिक राणा

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी झांकी प्रस्तुति समिति व हेट मुहल्ला झांकी प्रस्तुति समिति की बैठक हुई। बैठक में ठाकुरबाड़ी मुहल्ला झांकी प्रस्तुति समिति के अध्यक्ष कार्तिक राणा को बनाया गया। हेट मुहल्ला झांकी समिति के अध्यक्ष मुकुटधारी दांगी को बनाया गया। संजय कुमार दांगी को सचिव, प्रदीप कुमार मौर्य को कोषाध्यक्ष,विजय भारती, दशरथ कुमार दांगी व देवकांत कुमार को उपाध्यक्ष,आनंद कुमार को सहसचिव व पिंटू कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर पूर्व मुखिया राजेश कुमार राजू, विजय दांगी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, परमेश्वर दांगी, बंशी दांगी, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार जीतू, लक्ष्मण दांगी, कमलेश दांगी, बबलू कुमार साव, अमरनाथ कुमार दांगी, अवध किशोर दांगी, सुनील कुमार राणा, आमिर दांगी, पोखर गुरुजी, प्रयाग दांगी, नीतीश कुमार का नाम शामिल है।

## डीएलटीसी की बैठक में कृषि, पशुपालन, गव्य, मत्स्य विभाग की समीक्षा

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में डीएलटीसी (डिस्ट्रिक्ट लेवल टेक्निकल कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य, मत्स्य विभाग की विभिन्न गतिविधियों को लेकर स्केल ऑफ फाइनेंस के निर्धारण की समीक्षा किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विभाग से कुल 29 विभिन्न फसलों का, पशुपालन विभाग द्वारा कुल 8 कार्य अव्यवों का, मत्स्य विभाग से कुल 7 गतिविधियों, कार्य, अव्यवों पर स्केल ऑफ फाइनेंस निर्धारण किया गया। निर्धारित स्केल ऑफ फाइनेंसको स्टेट लेवल टेक्निकल कमेटी (एसएलटीसी) में पारित करने के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड उपस्थित थे।

## 24 मार्च को एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन

**लातेहार।** झारखंड राज्य के युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों व संस्थानों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती कैंप 24 मार्च को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4 बजे तक जिला खेल स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कैंप में विभिन्न प्रतिष्ठानों से इन पदों के लिए बहाल के लिए मशीन ऑपरेटर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, सेल्स मैनेजर, स्कूल कोऑर्डिनेटर, सुरक्षा गार्ड, हाउस कीपर, ड्राइवर, एएनएम, जीएनएम, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, लैब तकनीशियन भर्ती कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपने साथ झारखंड राज्य के नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड। शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छाया प्रति दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति,स्थानीय निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), बायोडाटा की दो कॉपी अनिवार्य रूप से लाना है। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले के सभी बेरोजगार युवक-युवतियों से कैंप में भाग लेने की अपील की है।

# डीएमएफटी मद से कराए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक व वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, छात्रावास जीर्णोद्धार आदि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित कर शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेटरहाट आवासीय विद्यालय में शिक्षकों के आपसी टकराव से पड़ रहा पढ़ाई पर असर

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** नेटरहाट आवासीय विद्यालय, जो कभी अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध था, आज शिक्षकों की आपसी राजनीति और संदेहास्पद गतिविधियों के कारण चर्चा में है। विद्यालय के शिक्षकों के बीच व्यक्तिगत रंजिश और अव्यावसायिक व्यवहार ने संस्थान की प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया है। हाल के घटनाक्रमों ने इस स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। पिछले दो महीनों में विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी के खिलाफ एक दुग्ध आपूर्तिकर्ता रविंद्र कुमार यादव द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में एसीबी पलामू ने रौशन कुमार बक्शी को गिरफ्तार किया था, लेकिन 24 जनवरी को झारखंड उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी। इसके बाद मामले में एक नया मोड़ तब आया जब शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार यादव ने देश और राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से एक शिकायत भेजी।

रविंद्र कुमार यादव द्वारा भेजे गए ईमेल और पत्र को नेटरहाट विद्यालय के कुछ शिक्षकों द्वारा प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। विद्यालय के शिक्षकों के एक व्हाट्सएप ग्रुप की चैट की प्रति सामने आई है, जिसमें 7 मार्च 2024 को रात्रि लगभग 12:21 बजे की एक चैट में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक शिक्षक द्वारा रौशन कुमार बक्शी के खिलाफ भेजे गए ईमेल को अपने कंप्यूटर सिस्टम में खोलकर पत्रों के प्रेषण और टिप्पणी का कार्य किया जा रहा है। इसी चैट में एक अन्य शिक्षक द्वारा सलाह दी गई है कि 'सबूत मिटाने में लगें।' ग्रुप के चैट के स्क्रीन शॉर्ट वायरल होते ही कई प्रश्न खड़े होने लगे है। इन घटनाओं का असर विद्यालय के छात्रों के प्रदर्शन पर भी देखा जा सकता है। पिछले वर्ष वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में रसायनशास्त्र विषय में कुछ छात्र फेल हुए थे, जिन्हें बाद में पूरक परीक्षा के माध्यम से पास करवाया गया। नेटरहाट विद्यालय के पूर्व छात्र और प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. प्रो. प्रिय रंजन ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि विद्यालय के शिक्षक इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त हैं। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन इस मामले की गंभीरता को समझता है और इसकी जांच की जाएगी।

# पीएम कुसुम योजना के तहत 467 योग्य किसानों का चयन

● किसानों को मिलेगा सोलर आधारित सिंचाई की सुविधा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पीएम कुसुम योजना कॉम्पोनेन्ट बी(फेज-थ्री) के लाभुकों की सूची अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा पीएम कुसुम योजना कॉम्पोनेन्ट बी (फेज थ्री) के अन्तर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत पीएम कुसुम (कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान) कॉम्पोनेन्ट बी (फेज थ्री) योजना का संचालन किया जाना था। इस योजना अन्तर्गत किसानों को सोलर आधारित सिंचाई की व्यवस्था की जानी है। सोलर पम्पसेट के अधिष्ठापन कार्य हेतु वैसे लाभुकों का चयन किया जाना है, जिसके खेत में ग्रिड कनेक्टीवीटी की सुविधा नहीं हो। उक्त योजना के तहत लाभुक अंशदान की राशि के लिए क्रमशः 5000, 7000, 10 हजार मात्र निर्धारित है। शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। वित्तीय 2024-25 में लातेहार जिले के लिए 500 आवेदन प्राप्त हुआ। आवेदन को प्रखंड स्तर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर 467 आवेदन को सही व योजना के अनुरूप पाया गया। शेष आवेदन विभिन्न कारणों से अयोग्य पाए गए। बैठक में समिति द्वारा कुल 467 योग्य किसानों की सूची का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित सूची रॉची को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड उपस्थित थे।

# प्रभारी स्वास्थ्य कर्मियों पर नियंत्रण कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करें : जिप उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सोमवार को जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से अस्पताल के चिकित्सक व चिकित्सा कर्मी मौजूद थे। बता दें कि जिप उपाध्यक्ष ने रविवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। उस समय चिकित्सक मुख्यालय से गायब पाये गये थे। स्वास्थ्य व्यवस्था में ग्रामीणों को असुविधा देखी गई थी, जिसको देखते हुए जिप उपाध्यक्ष ने सिविल सर्जन लातेहार से बात कर बैठक सोमवार को की गई। बैठक में जिप उपाध्यक्ष ने चिकित्सकों की उपस्थिति मुख्यालय में सुनिश्चित करने के का निर्देश दिया व चिकित्सा केंद्र का साफ-सफाई, बिजली, पंखा आदि की व्यवस्था अविलंब ठीक करने का निर्देश दिया। खराब एंबुलेंस को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। सीसीटीवी डिजिटल ड्यूटी डिस्प्ले बोर्ड अस्पताल के बाहर व मुख्य पथ के किनारे लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिप उपाध्यक्ष ने चिकित्सा प्रभारी को अन्य चिकित्साकर्मी पर नियंत्रण करते हुए अस्पताल के विधि व्यवस्था पर सुधार करने का निर्देश दिया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेंटर पर पानी की व्यवस्था नहीं होने पर तत्काल डीप बोर करने का पीएचईडी विभाग लातेहार को फोन कर निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अशोक बड़ाइक, डॉक्टर सिद्धार्थ, डॉक्टर ध्रुव, सत्य महतो, आयुष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

नगर परिषद बिश्रामपुर में प्रशासक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों को सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य बोर करने हेतु नगर परिषद्, बिश्रामपुर में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 2000.00 (मो0 दो हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उनपर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 5000.00 (मो0 पाँच हजार रूपये मात्र) एवं डीप बोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि जुर्माना के तौर पर नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में जमा कराना होगा।

**निबंधन तिथि :– दिनांक 16.03.2025 से 28.03.2025 तक।**

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1- बोरवेल वाहन से संबंधित कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
2- प्रदुशण से संबंधित कागजात।
3- बीमा से संबंधित कागजात।
4- वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5- वाहन मालिक/चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6- वाहन मालिक अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।
7- निबंधन हेतु 45000/– (पैतालीस हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा।
8- बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2025 से 31.03.2026 तक मान्य होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 348587 District(24-25)#D


उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा

# लगातार छह महीने से राशन का उठाव नहीं करने वालों का राशन कार्ड निरस्त करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित किया गया। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड संबंधित प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने एनएफएसए के तहत फरवरी और मार्च में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखंडों पर नाराजगी जतायी। खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उठाव व वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को खाद्यान्न का उठाव व वितरण ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कहा कि जो निष्क्रिय राशन कार्ड हैं, जिन्होंने लंबे समय से राशन का उठाव नही किया हो और विशेषकर पिछले 6 महीने से जिनके द्वारा राशन का उठाव नहीं किया गया है। वैसे लोगों को चिन्हित कर उनका राशन कार्ड को रद्द करने की कार्रवाई करें। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने पीवीटीजी परिवारों को ससमय शत प्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत सभी लाभुकों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बीएसओ व डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति व भुगतान, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी, पीजीएमएस शिकायत, सुसुप्त राशन कार्ड, समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभुको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, एमओ उपस्थित थे।

## महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रौशन गुप्ता बने

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप परिसर में महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति की बैठक कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मनोहर प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्व सम्मति से पूर्व महावीर मंडल अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, राजेश पांडेय, राजेश सिंह, प्रदीप साव उर्फ पुटून, तपेश्वर साव ,विजय कुमार, विनोद साव,महासचिव अरुण कुमार, विक्रम कुमार उर्फ विकी, सचिव बहादुर साव, सुनील कुमार, अमित गुप्ता, तुलसी कुमार ऋषि ,सोनू कुमार, राजेश प्रसाद रिंकू, अमोद कुमार, आदित्य कुमार बिट्टू, सोनी संतोष कुमार, मीडिया प्रभारी गोविंद कुमार, करण कुमार, विक्की राज, दिव्यांशु कुमार, सदस्य के रूप में पवन कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, हिमांशु कुमार, टिंकू सोनी, शंकर कुमार के नाम शामिल हैं। मुख्य संरक्षक में विधायक प्रकाश राम, जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी, जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, कृष्ण यादव ,सुरेंद्र गुप्ता,प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजीव सिन्हा ,वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अर्जुन साव ,प्रयाग साव ,शैलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, बबन सिंह, चेतलाल रामदास, राजेंद्र साव चावल , साखो साव,राजीव रंजन, राम दर्शन तिवारी सूरज साव ,कौशल साव,सत्येंद्र साव,रंजीत लाल ,संजीत गुप्ता, बालेश्वर साव,देवकी साव आदि के नाम शामिल हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 35/2024-25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 07/04/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 08/04/2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 08/04/2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Anganbadi Centre at Semardih Birhor Colony, Panchayat-Kharki, Kisko, Lohardaga. | 12,00,000=00 | 24,000=00 | 2,500=00 | 06 (Six) Months. |
| 2. | Construction of Anganbadi Centre at Pakhar Pokhrapat, Panchayat- Pakhar, Kisko, Lohardaga. | 12,00,000=00 | 24,000=00 | 2,500=00 | 06 (Six) Months. |
| 3. | Construction of Anganbadi Centre at Gamhariya Asur Toli, Panchayat-Tuemu, Peshrar, Lohardaga. | 12,00,000=00 | 24,000=00 | 2,500=00 | 06 (Six) Months. |
| 4. | Construction of Anganbadi Centre at Gratu, Panchayat-Tuemu, Senha, Lohardaga. | 12,00,000=00 | 24,000=00 | 2,500=00 | 06 (Six) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन अनिवार्य है :–

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
2- सम्बन्धित अंचल अधिकारी/अंचल निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदित खाता संख्या/प्लॉट संख्या में ही निर्माण कार्य आरम्भ करना होगा।
♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 348591 Lohardaga(24-25)D

# द्वितीय जेपीएससी भर्ती घोटाला : अदालत ने 5 आरोपियों के क्लोजर रिपोर्ट को किया अस्वीकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा भर्ती घोटाले की जांच में कुछ संदिग्ध अभ्यार्थियों के विरूद्ध अपूर्ण तरीके से क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सीबीआई की विशेष अदालत ने जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। अदालत ने पाया है कि पूरी जांच को उचित तरीके से नहीं की गई है। चयन प्रक्रिया में व्यवस्थागत अनियमितताएं स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। निगरानी ब्यूरो से भी




कमजोर जांच की गई है। कई चयनित अभ्यर्थियों को परीक्षा के सभी स्तरों पर पीटी, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के समय पक्षपात किया गया है। मामले के जांच अधिकारी दोषपूर्ण तथ्यों के प्रति उदासीन बने रहे तथा उनकी विस्तार से जांच नहीं की। इतना ही उसे नजरअंदाज कर दिया। जांच अधिकारी ने यह भी जांच नहीं किया कि क्या अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कोई अवैध भुगतान या धन आदि की स्वीकृति हुई है।

अदालत ने दाखिल चार्जशीट में पाया कि कुछ आरोपी व्यक्तियों जैसे प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ साहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि आदि के खिलाफ कोई सबूत नहीं जुटाया जा सका। जिनका नाम एफआईआर में दिया गया है। इसके विपरीत, उनके खिलाफ एफआईआर में विशिष्ट आरोप हैं, और एफएसएल की एक रिपोर्ट भी उपलब्ध है। जांच अधिकारी द्वारा आरोपी व्यक्तियों और अन्य को दोषमुक्त करने का कोई कारण नहीं दिया गया है। इसको देखते हुए आईओ ने जिन आरोपियों के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दिया है। उस क्लोजर रिपोर्ट को अदालत अस्वीकृत करता है।

साथ ही तय कानून के तहत मामले में आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाता है। क्योंकि वर्तमान मामले में आगे की जांच, मामले में न्यायपूर्ण निर्णय के लिए आवश्यक है। अदालत ने इस आदेश को सीबीआई रांची के डीआईजी और एसपी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है। साथ ही कहा कि मामले की जांच करते हुए जल्द ही पूरक चार्जशीट दाखिल करें।

## न्यूज बॉक्स

### पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच मामले में दायर पीआइएल खारिज




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रघुवर दास सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान पक्ष सुना। पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने याचिका का निष्पादित करते हुए बंद करने का आदेश पारित किया। खंडपीठ ने कहा कि यह जनहित का मामला प्रतीत नहीं होता है। एसीबी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। ऐसे में सुनवाई की अब जरूरत नहीं है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। उन्होंने खंडपीठ को बताया कि एसीबी ने मामले पीइ दर्ज की है और जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी पंकज कुमार यादव ने वर्ष 2020 में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में प्रार्थी ने पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव व लुईस मरांडी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच एसीबी से कराने की मांग की थी। जुलाई 2023 में राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की प्रारंभिक जांच भी की है।

### रातू रोड में पड़ोसियों ने धारदार हथियार से वार कर किया जख्मी

**रांची।** रातू रोड शिव दुर्गा मंदिर लेन में रहने वाले ओमप्रकाश राय को पड़ोसियों ने रविवार को रात में मारपीट कर जख्मी कर दिया। पड़ोसियों द्वारा ठोस और धारदार हथियार से किए गए वार से ओमप्रकाश का सिर फूट गया। शरीर के कई अंगों पर गहरे जख्म हो गए। मामले में सूचक की लिखित शिकायत पर सोमवार को पड़ोसियों शुभम कुमार साव, रोहित निहाल पांडेय, कृष्णा साव समेत पांच के विरूद्ध बिना वजह एकमत होकर कातिलाना हमला करने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि घटना के समय ओमप्रकाश घर पर थे। इसी समय सभी वहां आ धमके और पहले अपशब्दों का प्रयोग किया, इसके बाद मारपीट शुरू कर दी।

### बीच-बचाव में रेलवे कर्मी को रॉड से मारकर किया जख्मी

**रांची।** रांची के हटिया रेलवे यार्ड में कार्यरत कर्मी चंदन कुमार को बदमाशों ने पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना शनिवार की है। इस संबंध में चंदन कुमार ने अज्ञात युवकों के विरूद्ध जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। चंदन ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की सुबह तीन बजे ड्यूटी करके अपने रूम जा रहा था। कैंटीन में चाय पीने के लिए रूके। इसी दौरान स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोग पहुंचे। कैंटीन वाले से बकझक करने लगे। दोनों पक्षों को शांत करने के दौरान आरोपी उनसे उलझ गए। लोहे की रॉड से मारकर उन्हें जख्मी कर दिया। पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### बाबूलाल मरांडी समेत 18 भाजपा नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज और रमेश सिंह समेत 18 नेताओं को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त कर दी है। वर्ष 2024 के अगस्त महीने में भाजपा के युवा आक्रोश मार्च में हुए उपद्रव के बाद उक्त सभी लोगों समेत दस हजार अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी थीं। इस संबंध में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्रार्थियों की ओर से याचिका में लगाए गए आरोपों को गलत बताया गया और राजनीतिक कारणों से प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही गयी। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

## पंचायती राज और पेसा को लेकर कांग्रेस की स्वराज यात्रा कल से

# पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने को लेकर चलेगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राज्य में पर्यावरण संरक्षण और पंचायतों को अधिकार देने को लेकर अभियान चलाएगा। 19 से 21 मार्च तक संगठन द्वारा पंचायती राज और पेसा कानून लागू करने के लिए राज्य भर स्वराज यात्रा निकाली जाएगी। पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा और प्रवक्ता संतनू मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा झारखंड में घट रहे वन, नदियों का जलस्तर पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पहाड़, पानी और वन संरक्षण को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में पूर्व के भाजपा सरकार में तय किए गए उम्र और तीन बच्चों के प्रावधान को बदलने की मांग होगी। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से बापू वाटिका मोरहाबादी तक चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा और जन-जागरण किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि वन विभाग के आंकड़ों में झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत वन क्षेत्र दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग 20 प्रतिशत भूमि पर जंगल ही बचे हैं। शेष जमीन बंजर है। झारखंड में वन घट रहे हैं और इसका सीधा असर इस राज्य में रहने वाले आदिवासी और मूलवासी के जीवन पर पड़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता श्री मिश्रा ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 आम नागरिकों को अधिकार देता है कि वह अपना जीवन यापन अपने क्षेत्र के वन से पूरा करेंगे। जंगल पर निर्भर करने वाले लोगों के जीवन यापन का संकट है। स्वराज यात्रा का उद्देश्य नगर निकाय और पंचायत की स्वायत्तता बचाना है। नगर निकाय चुनाव के विसंगतियों को दूर करना इस अभियान का हिस्सा होगा। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने चुनाव में कई अलोकतांत्रिक प्रावधान लागू किया था, उसे समाप्त कराया जाएगा। स्वराज यात्रा के बाद संगठन की ओर से एक मांग पत्र राज्यपाल को भेजा जाएगा।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मिले संगठन प्रभारी से

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने संगठन प्रभारी को विगत 06 फरवरी से 10 फरवरी तक झारखंड में प्रमंडलवार आयोजित संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मंत्रियों को प्रमंडलवार एवं विधायकों को जिलावार जिम्मेवारी एवं कांग्रेस मंत्रियों के कार्यों से भी अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड में चल रहे संविधान बचाओ पदयात्रा कार्यक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पंचायत, प्रखंड स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को एक साल तक राज्य के सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत तक पहुंचाना है। वेणुगोपाल ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के मंत्रियों, विधायक दल के नेता, उपनेता, विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को उस क्षेत्र में रहने का निर्देश दिया है, ताकि इस कार्यक्रम का संदेश आमजन तक पहुंच सके।

# घोड़थंबा की घटना पुलिस प्रशासन का सुनियोजित षडयंत्र : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता



प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी दिल्ली से भाया देवघर गिरिडीह जिला के घोड़थंबा पहुंचे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान रंग अबीर खेलते हिंदुओं पर पत्थरों, पेट्रोल बम हमला किया गया। इतना ही नहीं पुलिस की भूमिका इस पूरे प्रकरण में अपराधियों, गुंडों, बदमाशों व हमलावरों को संरक्षण दे रही है। श्री मरांडी ने कहा कि घोड़थंबा में जिस गली, रास्ते को लेकर विवाद हुआ उसपर प्रतिवर्ष लोग पर्व त्योहार में जाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष सुनियोजित तरीके से रंग अबीर खेलते हिंदू भाइयों पर हमला कराया गया। कहा कि पत्थरबाजी के बीच पुलिस की भूमिका से यह स्पष्ट हो गया कि पुलिस पहले से ही मानो मामला को बढ़ाने के लिए तय कर लिया था। थाना प्रभारी और सीओ ने रोड पर गाड़ी लगाकर मूकदर्शक बने रहे, और पेट्रोल बम, पत्थर चलता रहा। उन्होंने कहा कि हमले की जानकारी, खबर फैलने के बाद हिंदू समाज के लोग वहां एकत्रित हुए लेकिन पुलिस प्रशासन निर्दोषों को भी जानबूझकर फंसा रही है। श्री मरांडी ने कहा कि रात के 2.30 बजे घरों से बुलाकर निर्दोषों को जेल में डाला जा रहा। यह मामला शुद्ध रूप से एक पक्षीय हमला है लेकिन इसे पुलिस प्रशासन द्वारा द्विपक्षीय बनाकर निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा।

### आपसी भाईचारा और सौहार्द न बिगड़ने दे : इरफान अंसारी



**रांची।** गिरिडीह मामले में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि समाज के सभी वर्ग आपसी भाईचारा बनाकर रखें, सौहार्द न बिगड़ने दे। भाजपा नेताओं का तांडव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़ से आए नेता और तथाकथित भाजपा के नेताओं पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दो भाईयों के बीच अगर लड़ाई हो तो उसे समझाना चाहिए ना कि आग लगाने का काम करना चाहिए। ऐसे नेताओं पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी सूरत पर झारखंड का सामाजिक सौहार्द को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। पुलिस भाजपा के दवाब में काम ना करें।

### गैंगस्टर अमन साहू के भाई की याचिका खारिज

**रांची।** पुलिस एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव के क्रियाकर्म में जेल में बंद उसका भाई आकाश कुमार उर्फ आकाश साहू शामिल नहीं हो सकेगा। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को उसकी ओर से क्रियाकर्म में शामिल होने को लेकर दाखिल औपबंधिक जमानत याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता ने अमन साहू के मारे जाने की खबर के बाद उसके वकील ने 11 मार्च को भाई के क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए 13 दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की थी। आकाश साहू वर्तमान में एनआईए कांड संख्या 1/2021 से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। एनआईए ने उसे अमन साहू मामले में संलिप्त होने के आधार पर 6 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था। उस पर टेरर फंडिंग के पैसे से फॉर्च्यूनर कार खरीदने का आरोप है।

## झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली का राहे प्रखंड समिति के गठन को लेकर बैठक

# मुख्यमंत्री के कार्यों से राज्य में एक नई हवा बह रही है : मुस्ताक आलम



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम व सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में राहे प्रखंड समिति के गठन को लेकर महेशपुर में बैठक हुई हुई। मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि रांची जिला संयोजक मंडली का प्रखंड और पंचायतों में गठन के लिए प्रखंडों का दौरा चल रहा है। पार्टी के सांगठनिक प्रक्रिया के तहत सोमवार को राहे प्रखंड समिति के गठन के लिए बैठक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से राज्य में एक नई हवा बह रही है। हमें पार्टी का और भी सशक्त बनाना है। हमारा संगठन गांवों से शहर तक मजबूत हो इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। बैठक मे मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, जयवंत तिग्गा, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं पूर्व जिला संयुक्त सचिव आदिल इमाम, जिला के वरिष्ठ सदस्य रमेश साहू, पूर्व जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, पूर्व क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, पूर्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, पूर्व नामकुम प्रखंड उपाध्यक्ष साहिल यादव, राजकुमारी टोपनो, राकेश के साथ प्रखंड व पंचायतों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सरकार के जवाब के बाद सिवरेज-ड्रेनेज के लिए दायर याचिका निष्पादित

**रांची।** रांची में सिवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को लेकर दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब के बाद निष्पादित कर दी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि शहर में सात ट्रीटमेंट प्लांट बनना है। इसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है । जो काम शेष हैं, उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। फेज वन के सीवरेज के कार्य को लगभग पूरा कर लिया गया है। फेज टू का काम चल रहा है। सरकार समय से काम कर रही है। आगे के काम भी समय पर पूरा कर लिए जाएंगे। कोर्ट द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेर्शों का पालन कर लिया गया है। इसलिए अब इस याचिका को निष्पादित कर दिया जाना चाहिए। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

### आदिवासी व मूलवासी विरोधी है सरकार : विजय शंकर नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी



जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि होली के दिन जोरार नामकुम में हुई हिंसक घटना पुलिस प्रशासन की अक्षमता को साबित करता है। मामले में प्रशासन ने गैर झारखंडी उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर सिर्फ आदिवासी मूलवासी लोगों के विश्वास जीतने का ढोंग रचने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद रहती तो यह घटना ही नहीं होती। नायक ने सोमवार को कहा कि यदि पुलिस आदिवासी और मूलवासी समाज का विश्वास जितना चाहती है तो इरादतन हत्या के आरोप में अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कराए तो ही सोनू मुंडा के परिजनों को न्याय मिल सकता है। नायक ने कहा कि आदिवासी युवक की हत्या और हिंसक हमला पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस-झामुमो के शासन में आदिवासी मूलवासी समाज यदि अपने उत्पीड़न का प्रतिरोध करता है तो इसे मौजूदा सरकार अपराधी की तरह देख रही है।

## पानी है अनमोल खजाना, इससे समृद्धि बढ़ाना है : डॉ एचएन द्विवेदी

**रांची।** झारखंड मत्स्य निदेशालय की ओर से एचइसी के सेक्टर तीन के शालीमार में मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मत्स्य बीज उत्पादकों का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान परिदृश्य में बहुत जरूरी हो गया है। किसान जल संरक्षण से कृषि, पशुपालन तथा मत्स्य पालन कर स्वरोजगार के रूप में अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में रांची, खूंटी, पलामू, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, रामगढ़, लातेहार व बोकारो जिला से मत्स्य कृषक बीज उत्पादन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मत्स्य प्रसार पदाधिकारी मंजूश्री तिर्की ने किया। यह जानकारी मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

# सरकार 18 लाख महिलाओं के साथ कर रही है विश्वासघात : राफिया नाज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश की प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोक ली गयी है। यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी, जो सत्ता में आने के लिए किया गया था, इसलिए 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है।

राफिया ने कहा, महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी



*महिलाओं को जल्द मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी*

किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट और इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय, सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है।

वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। यह सरकार महिलाओं को ना तो न्याय दिला पा रही है, ना शिक्षा और ना ही सुरक्षा, बल्कि उन्हें छलने का काम जारी है। इसलिए अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक भी योजना उतारी गई है, चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो।

उन्होंने कहा यदि सभी महिलाओं को जल्द मइयाँ सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और यह मुद्दा हर घर, हर गली तक पहुंचेगा।

राफिया नाज ने सरकार से सवाल किया, अगर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि 'मइयाँ सम्मान योजना' के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट, मंईयां सम्मान के लिए पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई। क्या यह सरकार महिलाओं के सम्मान को ठुकराने का काम कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा महिलाओं के लिए लागू योजनाओं का उद्देश्य सिर्फ सत्ता में बैठने वालों को लाभ पहुंचाना नहीं होना चाहिए, यदि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह योजनाएं बनाई गई थीं, फिर सरकार ने हकदारों तक क्यों पहुंचने ही नहीं दिया।

राफिया ने स्पष्ट रूप से कहा, भाजपा इस मुद्दे पर संघर्ष करेगी और सरकार को जवाबदेह बनाएगी। यह लड़ाई सिर्फ 18 लाख महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर महिला के लिए है।

# आईएचएम रांची में मुखियाओं का प्रबंधन कौशल प्रशिक्षण शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में पंचायती राज के अंतर्गत प्रदेश के मुखियाओं के लिए पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) के प्रथम बैच की शुरूआत सोमवार को हुई। 20 मार्च, 2025 तक चलनेवाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम इसका उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। ताकि, मुखिया अपने क्षेत्र में सतत ग्रामीण विकास के लिए सृजनात्मक कार्यों को प्रबंधन कौशल के जरिए पूरा कर सकें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की उपयोगिता, प्रभावी आजीविका सृजन के मॉडल विकसित करने और प्रशासन की मदद से जमीनी स्तर पर बदलाव की रणनीति तैयार करने की पहल करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम निदेशक प्रो गौरव मनोरहर मराठे और प्रो राजीव वर्मा के नेतृत्व में हुई। इसमें प्रो रवीश कृष्णनकुट्टी और प्रो रोहित कुमार भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत प्रो गौरव मनोहर मराठे ने की। उन्होंने मुखियाओं को पंचायती राज के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और भविष्य अवसर से परिचय कराया। साथ ही मुखिया कैसे ग्रामीण और समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभा सकते है, की जानकारी दी। इस दौरान मुखियाओं ने भी अपने क्षेत्र के ग्रामीण विकास के अवसरों का अनुभव साझा किया। वहीं, प्रो. राजीव वर्मा ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। उन्होंने मुखियाओं को शहरी और ग्रामीण विकास की चुनौतियों और विकास की रणनीति के अलग-अलग दृष्टिकोण से प्रेरित किया। साथ ही, संभावित बदलाव के लिए सीमित वित्तीय प्रबंधन और संसाधनों की जानकारी दी। ताकि, मुखिया अपने क्षेत्र में सामूहिक प्रयास और विषय विशेषज्ञता का इस्तेमाल करते हुए स्थायी विकास का ढांचा तैयार कर सकें। प्रो राजीव ने ग्रामीण विकास के लिए मुखियाओं को लगातार एक-दूसरे के संपर्क में बने रहकर अनुभव साझा करने की प्रेरणा दी। प्रो कृष्णनकुट्टी और प्रो रोहित ने पंचायती राज के वित्तीय और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ प्रशासनिक संरचना, वित्तीय प्रबंधन और जिम्मेवारियां, राजस्व सृजन और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रशिक्षकों ने मुखियाओं को बताया कि वे कैसे समय के साथ बदलती व्यवस्था में कैसे खुद को व्यवस्थित और सामयिक रख सकते है। इसके अलावा मुखियाओं को विशिष्ट हितधारकों से संपर्क करने, संसाधन जुटाने की रणनीति और गांव के विकास के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रायोगिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण तैयार करने पर चर्चा हुई।

तकनीकी सत्र के दौरान मुखियाओं को देशभर में संचालित योजना और परियोजनाओं की जानकारी दी गई। उन योजनाओं के बारे में भी बताया गया, जिनका लाभ ग्रामीण उठा सकते है। मुखियाओं को अपने गांव के लिए नए ग्रामीण विकास मॉडल और तकनीकी समाधान तैयार करने की प्रेरणा दी गई।

## ड्रेपर ने इंडियन वेल्स में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता


**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)**



जैक ड्रेपर ने इंडियन वेल्स ओपन में अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी ने शिखर मुकाबले में होल्गर रूण के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। ड्रेपर और रूण 2021 के बाद से इंडियन वेल्स में मास्टर्स फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले गैर शीर्ष 10 खिलाड़ी हैं। "यह अविश्वसनीय है। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। मैंने समय के साथ बहुत मेहनत की है और मैं यहां खेलने के लिए बहुत आभारी और खुश हूं, मेरा शरीर स्वस्थ है, मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। ड्रेपर ने अपनी एक घंटे, नौ मिनट की जीत के कुछ क्षण बाद कहा, "पिछले कुछ वर्षों में मैंने जो भी काम किया है, वह बड़े मंच पर एक साथ आ रहा है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, ड्रेपर ने शुरुआती सेट में सर्विस पर केवल चार अंक गंवाए और 5-0 की बढ़त के लिए ब्रेक का मौका रखा।

## एंड्रीवा ने सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का महिला एकल खिताब जीता

**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)।** मीरा एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की इंडियन वेल्स ओपन चैंपियन बन गई हैं, और 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा ने पिछले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार 12वां मैच जीता। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा 2009 में प्रारूप की शुरुआत के बाद से लगातार 12 डब्ल्यूटीए 1000 जीत दर्ज करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।



### स्विस ओपन 2025

# पीवी सिंधु, सेन की नजरें बासेल में शीर्ष फॉर्म पर

**बासेल (आईएएनएस)**

पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार को बासेल में शुरू हो रहे 250,000 डॉलर इनामी स्विस ओपन में शीर्ष फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट में सभी श्रेणियों में मजबूत भारतीय उपस्थिति होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2022 स्विस ओपन चैंपियन सिंधु को सातवीं वरीयता दी गई है और वह पहले दौर में साथी भारतीय मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी। सिंधु को पिछले हफ्ते हैमस्ट्रिंग की चोट से वापसी के बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होना पड़ा था, जबकि मालविका ने सिंगापुर की यो जिया मिन पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में एचएस प्रणय से होगा। 2016 स्विस ओपन जीतने वाले प्रणय चिकनगुनिया से वापसी के बाद से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा। दूसरी ओर, लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और हाल ही में जोनाथन क्रिस्टी को हराया। स्विस ओपन भारत के लिए एक सफल टूर्नामेंट रहा है, जिसमें सिंधु, प्रणय, के श्रीकांत, समीर वर्मा, साइना नेहवाल और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी सहित पिछले चैंपियन शामिल हैं।



2016 स्विस ओपन जीतने वाले प्रणय चिकनगुनिया से वापसी के बाद से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा

## हम एलएसजी में ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें : ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनका प्रयास टीम में ऐसा माहौल बनाना है, जहां आने वाले लोग अपनी बात खुलकर कह सकें। एलएसजी आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है, जिसकी कप्तानी पहले पंत कर चुके हैं। "हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है, करना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है। पंत ने सोमवार को फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपने एलएसजी साथियों से कहा, "यह सिर्फ़ प्रबंधन की बात नहीं है; मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं। क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं, तो वे आपको किसी भी स्तर पर आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे लगता है कि समूह में बहुत अनुभव है, और प्रबंधन के पास भी बहुत अनुभव है।

एलएसजी दो बार एलिमिनेटर में बाहर होने से पहले आईपीएल 2022 और 2023 सीजन के प्लेऑफ में पहुंची। आईपीएल 2024 में, एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत, आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जब पिछले साल मेगा नीलामी में एलएसजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 युवाओं के लिए आगे बढ़ने का बड़ा अवसर : नवदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



2024 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा-एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह देश में पैरा खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी 2025) का दूसरा संस्करण गुरुवार को शुरू होने वाला है। अर्जुन पुरस्कार विजेता एथलीट ने बताया कि कैसे यह टूर्नामेंट पैरा-एथलीटों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद कर रहा है। नवदीप ने साई मीडिया से कहा, "केआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। यह हमें अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल का परीक्षण करने और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का अभ्यास करने में मदद करता है। हमें नवोदित एथलीटों से मिलने और प्रतियोगिताओं पर अलग-अलग विचारों और विचारों का आदान-प्रदान करने का भी मौका मिलता है।

## अनुभवी फाफ डू प्लेसिस को दिल्ली कैपिटल्स का उप कप्तान नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली ।** अनुभवी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस को आगामी 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह खबर साझा की। डू प्लेसिस ने फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, "आपका मतलब अभी है? मैं घर पर हूं, मैं और कहां होता? हां, यह सच है, मैं डीसी का उप-कप्तान हूं और मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली शानदार रही है, लड़के शानदार रहे हैं, निश्चित रूप से खुश हूं और मैं तैयार हूं।



## आगामी सत्र के लिए टीम बनाने में मिली सीख का विश्लेषण किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आईपीएल 2024 मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए एक कठिन समय साबित हुआ, क्योंकि वे अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहे और टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में उनके कप्तान हार्दिक पांड्या को दर्शकों द्वारा हूटिंग का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 के शुरू होने से कुछ दिन पहले, पांड्या ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने पिछले साल की अपनी गलतियों का विश्लेषण किया और आगामी सत्र के लिए टीम बनाते समय इसे सुधारना सुनिश्चित किया। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा,"लगभग 11 वर्षों से आईपीएल में खेलने के बाद, प्रत्येक सीजन नई ऊर्जा और ताजा सकारात्मकता लेकर आता है। 2024 का सीजन निस्संदेह एक समूह के रूप में हमारे लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने अमूल्य सबक भी दिए। हमने उन सीखों का विश्लेषण किया और 2025 के लिए अपनी टीम बनाते समय उन्हें लागू किया। उन्होंने कहा,"इस बार हमने अनुभवी खिलाड़ियों की एक टीम बनाई है, जिन्होंने उच्चतम स्तर पर काफी क्रिकेट खेला है। यह अपने आप में रोमांचक है। अब मुख्य बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में एकजुट हों और अपनी योजनाओं को कुशलतापूर्वक क्रियान्वित करें। अगर हम ऐसा करते हैं, तो हमारे लिए आने वाले कुछ बहुत अच्छे दिन होंगे। आईपीएल 2025 से पहले की नीलामी से, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया, जबकि मुजीब उर रहमान को चोटिल एएम गजनफर की जगह शामिल किया गया। दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी फ्रेंचाइजी ने चुना।


### हार्दिक ने युवा खिलाड़ियों से कहा, खुद पर विश्वास रखें

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2025 सीजन अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि दस टीमों के टूर्नामेंट में आने वाले युवाओं के लिए उनका संदेश है कि वे खुद पर विश्वास रखें और उतार-चढ़ाव के बीच तटस्थ रहें। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा, "आईपीएल में आने वाले युवा खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं। उनके लिए मेरा संदेश सरल है- खुद पर भरोसा रखें। वे यहां इसलिए हैं क्योंकि वे काफी अच्छे हैं, लेकिन इस स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती आत्म-संदेह है।

## आईपीएल कप्तानों की बैठक 20 मार्च को बीसीसीआई कार्यालय में होगी

**मुंबई (आईएएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के सभी कप्तान इस गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में एकत्रित होने वाले हैं। जैसा कि क्रिकबज ने हाल ही में संक्षेप में बताया था, यह बैठक दोपहर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में होगी। कप्तानों के अलावा, सभी 10 फ्रेंचाइजी के प्रबंधकों को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई/आईपीएल प्रबंधन द्वारा फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल के अनुसार, क्रिकेट सेंटर में होने वाली यह बैठक - जो कि एक ब्रीफिंग से अधिक है - एक घंटे तक चलेगी। इस दौरान, टीमों को आगामी सीजन के लिए नए परिवर्तन और बदलावों के बारे में सूचित किया जाएगा। ब्रीफिंग के बाद ताज होटल में प्रायोजक गतिविधियां होंगी।

## एएफसी चैंपियंस लीग : रोनाल्डो की अल नासर क्वार्टर फाइनल में योकोहामा से भिड़ेगी



**कुआलालंपुर (आईएएनएस)**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नासर का सामना क्वार्टर फाइनल में दूसरे वरीय जापानी क्लब योकोहामा एफ. मैरिनो से होगा, क्योंकि एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए ड्रॉ सोमवार को यहां एएफसी हाउस में हुआ। नॉकआउट में सऊदी अरब के जेद्दा में 25 अप्रैल से 3 मई के बीच एक अनूठे केंद्रीकृत प्रारूप में सात बहुप्रतीक्षित मैच होंगे। चार बार के एशियाई चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त अल हिलाल एसएफसी को क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरियाई क्लब ग्वांग्झू एफसी का सामना करने के लिए चुना गया है। सऊदी अरब की अल अहली सऊदी एफसी, जो इस सत्र में नौ जीत और एक ड्रॉ के साथ अपराजित रही है, को थाईलैंड की बुरिराम यूनाइटेड से भिड़ना था, जबकि जापान की कावासाकी फ्रंटेल का मुकाबला कतर की 2011 की चैंपियन अल साद एससी से होगा। प्रत्येक क्वार्टरफाइनल एक क्रॉस-रीजनल शोडाउन होगा, जो पहली बार है कि एशिया की शीर्ष स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता में पश्चिम और पूर्वी टीमों का कोई क्षेत्रीय विभाजन नहीं होगा, जो कि एएफसी चैंपियंस लीग के 2013 संस्करण के बाद से है।

### क्वार्टरफाइनल ड्रॉ

- अल हिलाल एसएफसी (केएसए) बनाम ग्वांग्झू एफसी (केओआर)
- अल अहली सऊदी एफसी (केएसए) बनाम बुरिराम यूनाइटेड (टीएचए)
- योकोहामा एफ. मैरिनोस (जेपीएन) बनाम अल नासर क्लब (केएसए)
- कावासाकी फ्रंटेल (जेपीएन) बनाम अल साद एससी (क्यूएटी)

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 में ऑटो माध्यम से अब तक निपटाए 2.16 करोड़ क्लेम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चालू वित्त वर्ष में (6 मार्च तक) रिकॉर्ड 2.16 करोड़ ऑटो क्लेम का सेटलमेंट किया है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 89.52 लाख था। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में सोमवार को दी गई। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि 99.31 प्रतिशत से अधिक दावे अब ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं और इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। वित्त वर्ष 2024-25 (6 मार्च तक) 7.14 करोड़ क्लेम ऑनलाइन माध्यम से जमा किए गए हैं। ऑटो माध्यम से होने वाले क्लेम सेटलमेंट की सीमा को सरकार ने बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। इसके अलावा, बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने के लिए एडवांस के अलावा, आवास, शिक्षा और विवाह के लिए एडवांस भी ऑटो माध्यम से दिया जा रहा है।




### सरकार ईपीएफओ में क्लेम को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है

करंदलाजे ने बताया, 18.01.2025 को इसके लॉन्च होने के बाद से, फरवरी 2025 के अंत तक 55,000 से अधिक सदस्यों ने अपने खातों को डी-लिंक कर लिया है। सरकार ईपीएफओ में क्लेम के सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए जल्द ही नया सिस्टम 'ईपीएफओ 3.0' आने जा रहा है। इसके बाद सदस्य बैंक की तरह एटीएम से प्रॉविडेंट फंड (पीएफ) अकाउंट का पैसा निकाल सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि नया सिस्टम बैंकिंग की तरह सुविधाजनक होगा। इसमें कई डिजिटल फीचर्स दिए जाएंगे, जिससे लेनदेन आसान हो जाएगा। ईपीएफओ 3.0 मौजूदा सिस्टम का एक उन्नत वर्जन होगा। इसे निकासी की प्रक्रिया को तेज और यूजर-फ्रेंडली बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सदस्य बैंक खाते से नकदी निकालने की तरह ही एटीएम के माध्यम से भी अपना पीएफ का पैसा निकाल सकेंगे।

## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी को ब्रैंडन हॉल, यूएसए में 'गोल्ड एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया




**मुंबई (आईएएनएस)।** अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सोमवार को कहा कि उसे अमेरिका के फ्लोरिडा में आयोजित ब्रैंडन हॉल एचआर एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसे यह सम्मान अदाणी मार्वेल्स (ए-मार्वेल्स) लीडरशिप प्रोग्राम के लिए बेस्ट लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम कैटेगरी में मिला है। यह सम्मान नेतृत्व के लिये प्रतिभा को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के विकास में कंपनी का समर्पण दिखाता है।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, फाइनेंशियल व ऑटो शेयरों में हुई खरीदारी



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 341.04 अंक या 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,169.95 और निफ्टी 111.55 अंक या 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,508.75 पर था। बाजार में तेजी की वजह फार्मा और फाइनेंस शेयरों में खरीदारी होना था। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 1.03 प्रतिशत और निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.56 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, मेटल, एनर्जी और बैंकिंग इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए हैं। वहीं, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 336.70 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,461.80 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 71.05 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,968.40 पर था। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, इन्फोसिस और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में सरकार ने अब तक झुग्गीवासियों को वितरित किए 90 लाख घर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सरकार द्वारा सोमवार को संसद में कहा गया कि 3 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को 90.60 लाख घर दिए गए हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पीएमएवाई-यू के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.46 लाख मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 3 मार्च 2025 तक 90.60 लाख मकान पूरे हो चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत घरों को पूरा करने के लिए योजना की अवधि 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। राज्य मंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25 जून, 2015 से पीएमएवाई-यू के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता कर रहा है।

## टाटा मोटर्स ने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतें 2 प्रतिशत तक बढ़ाई, अप्रैल से होंगी प्रभावी

**मुंबई(आईएएनएस)**



भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने सोमवार को अपनी पूरी कमर्शियल वाहनों की रेंज की कीमतों में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया। नई कीमतें 1 अप्रैल से लागू होंगी। कंपनी ने कहा कि बढ़ती इनपुट लागत की भरपाई के लिए यह बढ़ोतरी आवश्यक है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा,"भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपने सभी कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है और यह 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी। कंपनी ने आगे कहा कि मूल्य वृद्धि इनपुट लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए की गई है और यह वृद्धि अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। भारतीय ऑटो इंडस्ट्री को कच्चे माल की बढ़ती लागत, अधिक लॉजिस्टिक खर्च और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।